हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री



# पहली बार निजी स्कूलों ने घेरा पापुनि दफ्तर, देर शाम आदेश जारी-ऑनस्पॉट स्कैनिंग जरूरी नहीं

- रात 2 बजे तक डिपो में बैठकर किताबें स्कैन कर रहे थे शिक्षक
- किताबें उठाने से इंकार करने के बाद की गई नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किताबों में दिए गए बारकोड की स्कैनिंग अब ऑनस्पॉट अर्थात डिपो में जरूरी नहीं होगी। निजी स्कूल किताबों को अपने स्कूल में ले जाकर भी स्कैन कर सकेंगे। अपने कैंपस में किताबें स्कैन करने के बाद जानकारी ऐप में अपडेट हो जाएगी। ये आदेश गुरुवार देर शाम जारी किया गया। इसके पहले रायपुर सहित कई जिलों के निजी स्कूल संचालकों ने मिलकर नवा रायपुर स्थित पाठ्यपुस्तक निगम का दफ्तर घेरा। राज्य बनने के बाद यह पहली बार है, जब निजी स्कूलों द्वारा इस तरह से पापुनि का दफ्तर घेरा गया।

निजी स्कूलों का कहना है कि पापुनि द्वारा किताबों में जो बारकोड दिया गया है, उसकी स्कैनिंग नहीं हो पा रही है। रात के 2-3 बजे तक डीपो में बैठकर स्कैनिंग कर पाना उनके लिए संभव नहीं है। आदेश जारी होने के पूर्व निजी स्कूलों द्वारा चेतावनी दी गई थी कि प्रदेश के सभी 6 डिपो से निजी स्कूल तब तक किताबें नहीं उठाएंगे, जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं कर किया जाता।



हरिभूमि फॉलोअप

## प्रदेश में सिर्फ 6 बुक डिपो, जिले में वितरण नहीं

इसके अलावा निजी स्कूलों ने मांग करते हुए कहा कि उन्हें पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रत्येक जिलों में उपलब्ध करवाया जाए। वर्तमान में पापुनि द्वारा प्रदेशभर में मात्र 6 बुक डिपो ही बनाए गए हैं। सभी जिले के निजी स्कूलों को इन्हीं डिपो से किताबें ले जानी होगी। बीते सत्र में शासकीय स्कूलों की तरह निजी स्कूलों को भी उनके जिले में ही किताबें दी गई थीं, लेकिन इस बार फिर से पुरानी व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। गौरतलब है कि शासकीय विद्यालयों को उनके संकुल में ही पापुनि किताबें पहुंचाता है, जबकि निजी स्कूलों को तय किए गए डिपो में जाकर ही किताबें लेनी होती हैं। निजी स्कूल संगठन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, हमारी समस्याओं को लगातार अनदेखा किया गया। बहिष्कार के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

## 7 दिनों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट

पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकारी पुस्तकों के वितरण में अनियमितता की रोकथाम के लिए सरकार ने स्कैन पद्धति से पुस्तक वितरण करने का निर्णय लिया था और इसके तहत सभी सरकारी स्कूलों में निशुल्क किताबों का वितरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों के किताब वितरण में स्कैनिंग में दिक्कत आ रही थी। चुकी वर्तमान में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है, अतः छात्रों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह निर्णय लिया कि किताबों का वितरण बगैर स्नैनिंग अशासकीय स्कूलों को कर दिया जाए। निजी स्कूलों को छूट प्रदान की गई है कि 7 दिनों के अंदर किताबों का स्कैन करके उसकी रिपोर्ट वह पाठ्य पुस्तक निगम में जमा कर देंगे। उन्होंने कहा, गुरुवार रात तक सभी डिपो में यह आदेश प्रेषित कर दिया गया है। 6-7 दिनों के अंदर प्रदेश के सभी स्कूलों में निशुल्क किताबें पहुंच जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख का गांजा जब्त धरे गए तीन तस्कर

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने इंटरस्टेट गैंग के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ढाई लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 25 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है, उन्होंने भनपुरी में सेंटर बनाया था और देश के अलग-अलग राज्यों में गांजा सप्लाई करते थे। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा के नवरंगपुर निवासी संतोष कुमार पडाल, महाराष्ट्र के अहिल्या नगर निवासी महेश श्याम राव कामडे तथा बिहार के छपरा निवासी सुफियान खान को गिरफ्तार किया है।

### हत्या का फरार आरोपी गोंदिया से गिरफ्तार

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह 27 जून को किशोरी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। किशोरी की हत्या के आरोप में एक आरोपी को महाराष्ट्र के गोंदिया से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी की हत्या के आरोप में पुलिस ने साहिल धीवर को गोंदिया से धर-दबोचा। साहिल ने युवती की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने सिर को पत्थर से कुचल दिया था। हत्या की वजह किशोरी का किसी दूसरे के साथ प्रेम प्रसंग होने की आशंका के चलते साहिल ने हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को सीसीटीवी फूटेज तथा उसके मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर पकड़ा है।

### मकान खाली करने के विवाद पर महिला को पीटा

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक महिला ने अपने मकान मालिक तथा उसकी पत्नी के खिलाफ मकान खाली करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अविनाश कैपिटल में किराए के मकान में रह रही सुचिता तिवारी ने भूषण वर्मा, उसकी पत्नी तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुचिता ने पुलिस को बताया कि मकान खाली करने दो माह के मोहलत मांगने पर उसके मकान मालिक ने अपनी पत्नी तथा अन्य के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### सूने मकान का ताला तोड़ा सात लाख के जेवर किए पार

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर सात लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परसूलीडीह क्लासिक सिटी निवासी मनीष कुमार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया।

अब सीमित वेटिंग व्यवस्था में जल्दी भर रही सीटें, आखिरी वक्त की टिकट बुकिंग हुई मुश्किल

# कन्फर्म टिकट की उम्मीद हुई कमजोर, नए नियमों से घटा रिजर्वेशन सेंटर का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों की आरक्षण प्रक्रिया और वेटिंग लिस्ट से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग यात्रियों की संख्या सीमित कर दी गई है, जबकि जनरल कोच में वेटिंग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रेलवे ने चार्ट तैयार करने की समय-सारणी में भी संशोधन किया है। अब सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच खुलने वाला ट्रेनों का पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तैयार किया जा रहा है। वहीं दोपहर 2 से रात 12 बजे और रात 12 से सुबह 5 बजे के बीच खुलने वाला ट्रेनों का पहला चार्ट ट्रेन के प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। हालांकि, दूसरे आरक्षण चार्ट के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि लंबी दूरी की कई ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी कोच की बुकिंग यात्रा से 1 से 3 दिन पहले ही फुल हो जा रही है, जिससे आरक्षण केंद्र पहुंचने वाले यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहा है। पहले जहां यात्रा से एक दिन पहले ⏭ शेष पेज 13 पर

## अब हफ्तेभर पहले करनी होगी प्लानिंग

### जनरल कोच में बढ़ी यात्रियों की भीड़

रेलवे के नए आरक्षण नियमों के चलते अब उन यात्रियों को भी टिकट नहीं मिल पा रहा है, जो आपात स्थिति में पहले वेटिंग टिकट लेकर यात्रा कर लेते थे। ऐसे यात्री अब जनरल कोच का रुख कर रहे हैं, जिससे जनरल डिब्बों में भीड़ तेजी से बढ़ गई है। रायपुर से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों में केवल तीन जनरल कोच की सुविधा है। तय क्षमता से अधिक यात्री इन कोचों में सफर कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को चढ़ने और उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि अब जनरल कोचों में खड़े होने की भी जगह नहीं बच रही है। रेलवे के नए नियमों ने जहां रिजर्व कोच की व्यवस्था कड़ी की है, वहीं जनरल कोच की स्थिति और भी खराब हो गई है।



- अंतिम समय की यात्रा योजना नहीं हो रही पूरी, पहले ही बंद हो रही टिकट बुकिंग

### महानगरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में नो रूम, स्लीपर बुकिंग पहले ही बंद

रेलवे द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय में बदलाव के बाद अब ट्रेनों की बुकिंग समय से पहले ही बंद हो रही है। रायपुर से मुंबई, दिल्ली, नागपुर, भोपाल, इंदौर, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में 5 से 6 जुलाई तक स्लीपर कोच की बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। स्थिति यह हो गई है कि आरक्षण केंद्रों में पहुंच रहे अधिकतर यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहा और उन्हें लौटना पड़ रहा है। रेलवे की ओर से यात्रियों को ऑनलाइन स्थिति जांचने की सलाह दी जा रही है, ताकि वे बेवजह आरक्षण केंद्र न आएं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री यदि अग्रिम योजना बनाकर टिकट बुक करें, तो कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बनी रह सकती है।

### आरक्षण केंद्रों में घट रही है यात्रियों की भीड़

रेलवे के नए आरक्षण नियमों का असर अब स्टेशन परिसर स्थित आरक्षण केंद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे के बीच केंद्र में केवल 50 से अधिक यात्री टिकट खरीदने पहुंचे, लेकिन इनमें से मात्र दर्जनभर यात्रियों को ही कन्फर्म टिकट मिल पाया, जिन्हें अगस्त या फिर जुलाई में मध्य में सफर करना है। भोपाल, जबलपुर और छपरा जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए स्लीपर और थर्ड एसी कोच में एक से तीन दिन के भीतर की यात्रा के लिए बुकिंग बंद पाई गई। यात्रियों को आरक्षण केंद्रों में सूचित किया गया कि अब सप्ताहभर बाद की यात्रा पर ही कंफर्म टिकट मिलने की संभावना है। रेलवे के नए नियमों के तहत वेटिंग लिस्ट को सीमित कर दिए जाने के कारण अब यात्रियों को वेटिंग टिकट मिलने की बजाय सीधे बुकिंग बंद का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल यात्रियों को असुविधा हो रही है, बल्कि आरक्षण केंद्रों में भीड़ में भी कमी देखने को मिल रही है।

# नामांतरण के एवज में रिश्वत, दो अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जमीन नामांतरण करने के लिए रिश्वत लेने के दो अलग-अलग मामलों में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दुर्ग तथा अभनपुर में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें दुर्ग, बोरी तहसील के बाबू तथा अभनपुर में पटवारी तथा उसका सहयोगी शामिल है। दुर्ग का बाबू चार जमीन का नामांतरण करने के लिए 20 हजार रुपए की मांग कर रहा था।

- अभनपुर में पटवारी उसके सहयोगी, दुर्ग में तहसील कार्यालय के बाबू के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी ने की कार्रवाई

दुर्ग निवासी झनेंद्र कुमार की शिकायत पर एसीबी ने रिश्वत लेने के आरोप में वीरेंद्र तुरकाने को गिरफ्तार किया है। झनेंद्र ने एसीबी के रायपुर कार्यालय में लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी। झनेंद्र ने अपनी शिकायत में ⏭ शेष पेज 13 पर

### पटवारी के साथ कोटवार रिश्वत लेते गिरफ्तार

अभनपुर, गोतियाडीह निवासी जयवर्धन बघेल की शिकायत पर एसीबी ने गोतियाडीह के पटवारी पुष्पेंद्र गजपाल, कोटवार गौतम कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जयवर्धन के अनुसार उसने गांव में जमीन खरीदी है। खरीदी गई जमीन का नामांतरण करने जयवर्धन ने पटवारी को आवेदन दिया। आवेदन प्राप्त होने के बाद पटवारी ने कोटवार के माध्यम से जयवर्धन से जमीन का नामांतरण करने आठ हजार रुपए की मांग की। पैसों की मांग किए जाने से आहत जयवर्धन ने इसकी शिकायत एसीबी के पास की। एसीबी ने जाल बिछाकर पटवारी तथा कोटवार को गुरुवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

प्रतिबंध के बाद खदानें बंद

# कारोबारियों की बढ़ी मनमानी भंडारण की गई रेत अब 23 हजार प्रति हाईवा बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के सीजन में 15 जून से 10 अक्टूबर तक रेत की खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिसके बाद इन खदानों में रेत का उत्खनन भी बंद है। प्रतिबंध लगने के पहले कई खदानों में नियम विरुद्ध दिन-रात रेत का उत्खनन जारी रहा। वैध ठेकेदारों से लेकर माफिया वैध और अवैध रूप से जगह-जगह हजारों टन रेत का भंडारण किए हुए हैं, जिसे अब अपनी मनमानी कीमत पर बेचना शुरू कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार इससे पहले रेत खदानों से प्रति हाईवा 10 हजार रुपए कीमत पर ट्रेडर्स संचालकों को बेची जा रही थी, जो आम आदमी को 14 से 15 हजार रुपए में मिल जाती थी, लेकिन खदानें बंद होने के बाद भंडारण की गई रेत 13 से 15 हजार रुपए हाईवा की दर से ट्रेडर्स संचालकों को बेची जा रही है, जो आम आदमी को 22 से 23 हजार रुपए में ⏭ शेष पेज 13 पर



### कीमत पर नियंत्रण नहीं आम लोगों की कट रही जेबें

बारिश के सीजन में हर साल रेत के कारोबारी मनमाने रूप से रेत की कीमत बढ़ा देते हैं। पिछले वर्ष सितंबर से अगस्त तक रेत की कीमत जिले में 35 हजार रुपए प्रति हाईवा पहुंच गई थी। इस बार भी कारोबारियों ने रेत की कीमत बढ़ाना शुरू कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि अगस्त में इस बार भी कीमत 35 हजार जा चुकी है। इसे रोकने और नियंत्रण करने के लिए विभाग और प्रशासन की ओर से विगत साल से कोई पहल ⏭ शेष पेज 13 पर

### प्रावधान नहीं इसलिए कार्रवाई भी नहीं

इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रेत खदानें रायल्टी पर दी जाती हैं। यह रायल्टी प्रति घन मीटर की दर से ली जाती है। इसके बाद रेत किस कीमत पर बाजार में बेची जा रही है, इसे तय या नियंत्रण किए जाने का प्रावधान ⏭ शेष पेज 13 पर

# अनुसूचित जाति की युवती को शादी का झांसा देकर रेप उम्रकैद के साथ जुर्माना

- तीन वर्ष पूर्व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का मामला
- युवती को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ मकान किराया दिलाकर बनाया रेप का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व चर्चित युवती को शादी करने का झांसा देकर तथा उसके साथ मारपीट कर रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ पांच हजार रुपए की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज सिन्हा की स्पेशल कोर्ट अनुसूचित जाति, जनजाति निवाराण कोर्ट में हुई।

विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार अनुसूचित जाति की युवती से रेप के आरोप में कोर्ट ने गुढ़ियारी निवासी पेशे से ग्रिल कारोबारी नबी आलम खान को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। युवती ने ⏭ शेष पेज 13 पर

### मकान किराए पर दिलाकर किया रेप

युवती के अनुसार नबी ने उसे अपने यहां काम पर रख लिया। वहां वह मजदूरों की जानकारी के साथ माल के आवक-जावक की जानकारी लिखती थी। इस दौरान नबी ने युवती को दूर से आने की बात कह कर नजदीक में मकान किराया दिलाया। युवती के अनुसार 15 जून 2022 को दुकान में कोई नहीं था। इस दौरान नबी ने युवती के पास शादी का प्रस्ताव रख कर उसके साथ रेप किया। युवती जिस मकान में किराए पर रहती थी, वहां जाकर नबी युवती के साथ रेप करता था।






पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# जिले के 27 थानों के टीआई की अदला-बदली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लाइन के दो टीआई को मिली थाने की जिम्मेदारी

राजधानी सहित जिले के 27 थाना प्रभारियों की स्थानांतरण सूची एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर जारी की गई है। इनमें शहर के प्रमुख थाने सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर, गुढ़ियारी, कोतवाली सहित कई प्रमुख थानों के टीआई का तबादला आदेश जारी किया गया है। ट्रांसफर लिस्ट में ग्रामीण थानों में पदस्थ कई टीआई को शहर के थानों की जिम्मेदारी दी गई है।

एसएसपी के निर्देश पर जारी ट्रांसफर आर्डर के अनुसार, अभनपुर सत्येंद्र सिंह श्याम, गंज थाना भावेश गौतम, गोबरा नवापारा दीपेश जायसवाल, मंदिर हसौद आशीष यादव, तिल्दा-नेवरा दीपक पासवान, उरला रोहित मालेकर, महिला थाना अर्चना धुरंधर, आमानाका सुधांशु बघेल, मुजगहन सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, राखी आशीष सिंह राजपूत, देवेंद्र नगर जितेंद्र ऐसैया, राजेंद्र नगर अविनाश सिंह, सिविल लाइंस कृष्ण कुमार कुशवाहा, ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### स्कूल में छात्र-छात्राओं को कराया गया न्योता भोज

**सिलयारी।** न्योता भोज कार्यक्रम रहा गया है, इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलयारी संलग्न डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलयारी में भी न्योता भोज के अन्तर्गत समस्त उपस्थित छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। यह न्योता भोज ग्राम के सरपंच रूखमणी साहू व जनपद सदस्य विजय साहू के द्वारा पूर्व माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलयारी के बच्चों को कराया गया। इस दौरान बच्चों को मोतीचूर की लड्डू, बालूसाय, चावल, दाल, सब्जी खिलायाव मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान बच्चें काफी उत्साहित नजर आए। वहीं विद्यालय स्टाफ ने न्योता भोज के लिए आभार जताया। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य सभापति सरोज चन्द्रवंशी,जनपद सदस्य विजय साहू, सरपंच रूखमणी साहू, अशोक साहू, शिक्षक, शिक्षिकाओं व पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पुनः सौंपे गए दायित्व

**अभनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा



अंबिकापुर में आयोजित 3 दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए होने वाले कार्यक्रमों तथा संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें ग्राम खोरपा निवासी राधेश्याम साहू को पुनः बलौदाबाजार विभाग संयोजक तथा अभनपुर के भावेश नवरंगे को पुनः तिल्दा जिला संयोजक, विशु गुप्ता को बलौदाबाजार विभाग छात्रा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। दोनों कार्यकर्ताओं ने अपने पूर्व कार्यकाल में संगठनात्मक कार्यों को अनुशासन, समर्पण एवं दक्षता के साथ संपादित किया है, जिसके फलस्वरूप उन्हें पुनः यह दायित्व सौंपा गया। उक्त नियुक्ति पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं, संगठन के वरिष्ठजनों, नगरवासियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### तिल्दा नेवरा के राम बने सांसद प्रतिनिधि

**तिल्दा नेवरा।** भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राम



पंजवानी को सांसद बृजमोहन अग्रवाल का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति पश्चात तिल्दा नेवर शहर व क्षेत्र वासियों ने राम पंजवानी को बधाई दी है। नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा राम पंजवानी से मुलाकात कर सांसद प्रतिनिधि बनने पर उन्हें बधाई दी गई। इसी तरह से सभापति ईश्वर यदु, विनोद नेताम, संतोष यादव, नरेंद्र शर्मा, रमेश रिंकू अग्रवाल, सुकदेव वर्मा, पोषण वर्मा, दिलीप वर्मा आदि ने भी हर्ष व्यक्त कर राम पंजवानी को बधाई दी है।

### यादव होंगे मंदिर हसौद के नए टीआई

**आरंग।** मंदिर हसौद थाना में पदस्थ टीआई अविनाश सिंह का स्थानांतरण हो गया है। वे राजेन्द्र नगर थाना में पदस्थ किये हैं। उनके स्थान पर देवेन्द्र नगर थाना में पदस्थ थानेदार दीपक यादव की पोस्टिंग मंदिर हसौद थाना में की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा प्रशासनिक आधार पर जिले के 27 थानेदारों के किये गये स्थानांतरण की सूची में ये दोनो भी शामिल हैं।

### बोरिद में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**आरंग।** बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरिद में हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन कर पुस्तक, गणवेश प्रदान किया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ साथ खीर पुरी प्रदान किया गया।

---

**विडंबना :** 54 साल से बदहाली का शिकार, बच्चे प्लास्टिक की बाल्टी या टब लेकर क्लास में बैठते हैं


# धरसींवा में टिन टप्पर स्कूल, टपकते पानी के नीचे बच्चे पढ़ने को हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ विधानसभा की चकाचौंध से महज 3 किलोमीटर दूर, धरसींवा ब्लॉक की मांढर कॉलोनी में स्थित प्राथमिक विद्यालय सरकारी अनदेखी का जीता-जागता नमूना बन चुका है। 1970 में स्थापित यह स्कूल, जिसे दशकों से टिन टप्पर के नाम से जाना जाता है, 54 सालों से अपनी जर्जर हालत पर आंसू बहा रहा है। यहां पढ़ने वाले 65 बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं का सपना आज भी अधूरा है, जो 'शिक्षा के अधिकार' जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांत पर सीधा सवाल उठाता है। यह स्कूल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि उन मासूम बचपन की कहानी है जो हर मौसम में चुनौतियों से जूझता है। गर्मी में टीन की छतें भट्टी बन जाती हैं, ठंड में बर्फीली हवाएं बच्चों को ठिठुराती हैं, और बरसात में टपकती छतें व दीवारों से रिसता पानी क्लासरूम को तालाब में बदल देता है। इन विकट परिस्थितियों में भी, बच्चों का पढ़ने का जुनून उन्हें स्कूल आने पर मजबूर करता है। सिस्टम की इस अनदेखी का भयावह चेहरा यह है कि बच्चे टपकते पानी को रोकने के लिए प्लास्टिक की बाल्टी या टब लेकर क्लास में बैठते हैं। यह सरकारी उदासीनता की कड़वी हकीकत है।







### उच्च अधिकारियों को कराएंगे अवगत

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वंदना शुक्ला का यह कहना कि मीडिया के माध्यम से सूचना मिली है, जल्द ही जाकर चेक करूंगी और उच्च अधिकारियों को अवगत कराऊंगी।

### सरकारी तंत्र की विफलता और अधूरे वादे

यह सवाल उठता है कि आखिर इस स्कूल की बदहाली का जिम्मेदार कौन है? 1970 में स्थापित होने के बाद सरकार ने मुड़कर भी नहीं देखा। क्या यह जानबूझकर की गई उपेक्षा है, या शिक्षा प्राथमिकता में सबसे नीचे है? विधानसभा से इतनी करीब इस स्कूल का हाल, सरकारी दावों और हकीकत के बीच की खाई को दर्शाता है। बच्चों के भोजन की बात करें, तो आज भी यहां एलपीजी गैस के बजाय खुले चूल्हों पर भोजन बनता है। यह न केवल स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। यह स्थिति सरकारी संवेदनशीलता की कमी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

### नुमाइंदों की जवाबदेही और बच्चों का भविष्य

इस स्कूल की हालत की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। स्थानीय नेताओं से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक, सब इस स्थिति से आंखें मूंदे हुए हैं। जब हम शिक्षा के अधिकार की बात करते हैं, तो क्या इन बच्चों को यह अधिकार प्राप्त है? इनका बचपन और भविष्य, इन जर्जर दीवारों और टूटी हुई उम्मीदों के बीच कैसे आकार लेगा?

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत और गणवेश बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गैतरा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर, गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच दुरपति चंद्रवंशी ने बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी एवं मिठाई खिलाया। नोडल प्राचार्य गजेंद्र वर्मा ने बच्चों को इसी तरह उत्साहित रहकर प्रतिदिन शाला में अपने शिक्षकों के बताए गए अनुसार पढ़ाई करने को कहा । पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक तुलाराम वर्मा ने नवप्रवेशी सहित सभी शालेय बच्चों को शुभाशीष प्रदान करते हुए अनुशासित रहकर शासन के निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था का लाभ लेने नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किए । संकुल समन्वयक तुलसीराम साहू ने उपस्थित पालकों को शाला के प्रति लगाव रखकर सहयोग प्रदान करने को कहा। यूथ एवं ईको क्लब के अंतर्गत बाल केबिनेट का पुनर्गठन किया गया । सभी बच्चों को पेन कॉपी वितरण किया गया। जुलाई के अंत तक शाला प्रांगण में पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया।

इस अवसर पर उप सरपंच गजेंद्र कोशले, ग्रामप्रमुख शेखर चंद्रवंशी,प्रधान पाठक भारती वर्मा, पंच भारती यादव, सुनीता यादव,उपाध्यक्ष बसंती यादव,ब्रीज कोशले, शिक्षकगण दुर्गेश वर्मा, अरविंद पैकरा,देवेन्द्र कुमार निर्मलकर, टिकेश्वर वर्मा,कैलाश वर्मा ग्रामीण नागरिकगण चम्पा यादव, बुधियारिन यादव, सूरज धीवर ,उर्मिला यादव, दुर्गा सेन, टिकेश्वरी चंद्रवंशी, टीकम धीवर, खिलेश्वरी यादव ,यादव, महेश टंडन, लोकेश चेलक ,कुन्ती यादव ,बुधमती एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

दाऊ पोषण लाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसतराई में गुरुवार को एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह न केवल नए विद्यार्थियों के स्वागत का अवसर बना, बल्कि शिक्षा के महत्व, शिक्षकों के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सशक्त संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर, शाला परिसर में एक पवित्र पीपल का पौधारोपण गया, जो प्रकृति के साथ हमारे अटूट जुड़ाव का प्रतीक है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने उत्सव का शुभारंभ एक हृदयस्पर्शी और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ किया। उन्होंने कक्षा 9वीं और कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों का गुलाल का टीका लगाकर और उनके मुंह में मिठाई रखकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



अपने उद्बोधन में शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा और अनुशासन के शाश्वत महत्व पर गहराई से संबोधित किया। उन्होंने अपने शब्दों में कहा कि शिक्षा वह दिव्य प्रकाश है जो आपके जीवन से अज्ञानता के गहन अंधकार को दूर करती है, और अनुशासन वह मजबूत नींव है जिस पर आपकी सफलता की भव्य इमारत खड़ी होती है। इन दोनों के बिना, किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित अध्ययन, अपने शिक्षकों के प्रति गहरा सम्मान, और विद्यालय के नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब धरसींवा के सरपंच साहिल खान और पंच मोहम्मद याकूब ने एक अभूतपूर्व घोषणा की, जिसने सभी को आश्चर्यचकित और प्रसन्न कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि विद्यालय की 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

## आरंग में गुरु खुशवंत के आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में छ.ग.शासन के बहु आयामी उत्सव शाला प्रवेशोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास मय वातावरण में मनाया गया। विधिवत शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना, वंदना, अग्रचंदन, पुष्प रोली व दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों के कर कमलों से सम्पन्न हुई। तत्पश्चात सभी अतिथियों के सम्मान में विद्यालय की छात्रा अंजली यादव, धामिनी पाल, भूमिका जलक्षत्री व साथियों ने अतिथि स्वागत गीत के माध्यम से अतिथि देवो भवः उक्ति को चरितार्थ करते हुए सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिये तथा खूब तालियां बटोरे। इसी क्रम में समस्त अतिथियों का सम्मान पुष्पहार, पुष्प गुच्छ, साल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।कार्यक्रम के केंद्र बिंदु विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को



मिठाई खिलाकर, पाठ्य पुस्तकें वितरण अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। अतिथियों के सम्मान में संस्था की प्राचार्या सरोजनी केरकेट्टा ने स्वागत भाषण में विद्यालय के होनहार छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन व उनके गौरवशाली प्रतिभा को सम्मान देते हुए सभी विद्यालयीन छात्राओं को प्रेरित की और विद्यालय की अमूल चूल आवश्यकता तथा समस्याओं को रखी। समस्त अतिथियों के गरिमामयी उपस्थित को अविस्मरणीय पल बताते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र के आगाज का अभिनंदन करते सभी छात्राओं को बधाई दी तथा विद्या प्राप्ति के लिए सदैव तत्पर रहने प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के व्याख्याता राधेश्याम ध्रुव तथा हरमन कुमार बघेल ने किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जनपद पंचायत आरंग अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू, देवनाथ साहू भाजपा मण्डल आरंग, नरेंद्र लोधी सभापति न.पा. परिषद आरंग, भानमती राकेश सोनकर सभापति न.पा.प. आरंग, पुष्कर साहू सभापति न.पा.प. आरंग, सुनीता विनायक धुरंधर सभापति न.पा.प. आरंग प्रतिनिधि खिलेन्द्र धुरंधर, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## स्कूल के महिला वॉशरूम में वीडियो बनाने वाला शिक्षक निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक के समीपस्थ एक शासकीय स्कूल में शिक्षक द्वारा महिला वॉशरूम में मोबाइल रखकर वीडियो बनाने का मामला सामने आया था। घटना विगत 25 अप्रैल की है जहां स्कूल के महिला वॉशरूम में मोबाइल फोन चालू हालत में बरामद किया गया इसके बाद महिला शिक्षिकाओं के बीच हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी शिक्षक पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा उक्त शिक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें उक्त शिक्षक भूपेंद्र कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। बता दे थाना नेवरा में शिक्षिकाओ के द्वारा एफआईआर दर्ज करवाने के बाद शिक्षक को अभिरक्षा में लेने की जानकारी थाना से आने के तुरंत बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरपीदास के द्वारा उच्च कार्यालय को अवगत कराया गया जिस पर कार्यवाही करते हुवे संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर के द्वारा उक्त शिक्षक भूपेंद्र कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उक्त शिक्षक की उपस्थिति विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवभोग जिला गरियाबंद निश्चित किया गया है। पब्लिक रिपोर्ट की त्वरित कार्यवाही पर आज शिक्षक निलंबित हो गया है।



## महिला सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृति की मांग

**आरंग।** स्थानीय दीनदयाल कालोनी की जागरूक महिलाओं ने विधायक जनदर्शन कार्यक्रम में महिला सामुदायिक भवन हेतु राशि स्वीकृति की मांग की है। दीन दयाल कालोनी की महिलाओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का क्रियान्वयन समय समय पर किया जा रहा है। कार्यक्रम हेतु भवन नहीं होने से विभिन्न प्रकार के परेशानी का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। इसके साथ ही भवन के अभाव में कुछ कार्यक्रम भी सम्पन्न नहीं हो पाते है। कालोनी के महिलाओं द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बाद पूर्ववर्ती सरकार द्वारा महिला सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत किया गया था। यह राशि नई सरकार आने के बाद स्थगित या निरस्त हो गया था। कालोनी की महिलाओं ने विधायक जनदर्शन कार्यक्रम में इस आशय की जानकारी से विधायक गुरु खुशवंत साहेब को अवगत कराते हुए भवन की मांग की। विधायक ने इसे गंभीरता के साथ सुनते हुए तत्काल संज्ञान में लेकर मुख्य नगर पालिकाधिकारी को निर्देशित किया है।

## गुल्लू में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में शाला प्रवेशोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। वही शिक्षा सत्र 2024-25 शाला के बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को नगद राशि व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गुल्लू के सरपंच प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू व विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के विधायक प्रतिनिधी रेवाराम साहू, योगेश्वर साहू उपसरपंच व समस्त पंचगण थे। अतिथियों सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ का स्वागत कर छत्तीसगढ शासन निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं सरस्वती सायकिल योजनांर्तगत पाठ्य पुस्तक व सायकिल वितरण किया गया। साथ ही शाला के कक्षा 12वीं की टॉपर झरना साहू को समिति के महिला सदस्य ललिता बंजारे द्वारा एक हजार एक रूपया नगद व कक्षा 10 की टॉपर भूमिका सिन्हा को सदस्य लेखराम बंजारे द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम मे शाला के प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा, व्याख्यातागण खेमलाल ठाकुर, श्रद्धाकिरण नेताम, सुमन धुरंधर, प्रकाश चंद्र साहू, प्रमिला मेश्राम, श्वेता मिश्रा, द्वारिका प्रसाद दीवान, कमलेश यादव, रजनी बाला भारती, हेमलता नायक, लोकेश तुरकाने, दुलेश्वरी सोनबेर, चुन्नू यादव, अंजली सोनी, ललिता बंजारे, तोमीन बाई साहू, भोलाराम निर्मलकर, परमेश्वर धीवर, शीतल बंजारे, अरविन्द टंडन, सुग्रीव पटेल, नारायण साहू, परमेश्वर साहू, नेमीचंद पटेल, रोहित पटेल, लेखराम बंजारे सहित समस्त पंचगण, पालक व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में डॉक्टर्स डे का भव्य आयोजन**

## भावी पीढ़ी ने जाना स्वास्थ्य सेवा का महत्व और डाक्टरों का त्याग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवा

ब्लॉक मुख्यालय धरसीवा स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ के अमूल्य योगदान को समर्पित डॉक्टर्स डे का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। विशेष कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्वास्थ्य सेवा के महत्व और चिकित्सकों के त्याग से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस, एसएमसी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से प्रख्यात चिकित्सक डॉ. शिवेंद्र दुबे और डॉ. शिवम पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. दुबे ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित करते हुए जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। वहीं, डॉ. पाण्डेय ने बच्चों को ऐसे कार्यक्षेत्र चुनने का सुझाव दिया जिससे वे समाज के लिए कुछ बेहतर और सार्थक योगदान दे सकें। उनके प्रेरणादायक विचारों ने बच्चों को भविष्य के लिए सोचने पर मजबूर किया। द्वितीय दिवस का मुख्य आकर्षण डॉ. प्रियांशु शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया सीपीआर याने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन का सेशन रहा। इस व्यावहारिक सत्र के लिए विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। डॉ. शर्मा ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार हृदयगति रुकने कार्डियक अरेस्ट जैसी आपातकालीन स्थिति में तुरंत सीपीआर देने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीपीआर के चार मिनट के भीतर किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, जो इस तकनीक के महत्व को दर्शाता है। सेशन के उपरांत, डॉ. शर्मा ने उत्सुक बच्चों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया।





### सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरेति करेगा

विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा ने सभी डॉक्टर्स का हार्दिक धन्यवाद किया। बच्चों को इन प्रेरणादायक विचारों और व्यावहारिक सत्रों से सीख लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल डॉक्टर्स के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम था, बल्कि यह छात्रों को स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी प्रेरित करेगा। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल का यह प्रयास निश्चित रूप से छात्रों में सेवा भाव और जागरुकता जगाने में सफल रहा।

## सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आकाश ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



राजधानी रायपुर में 28 व 29 जून को आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नारा के होनहार एथलीट आकाश चन्द्राकर ने ब्रांज मेडल जीतकर न केवल अपने गांव का, बल्कि पुरे आरंग क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। रायपुर के कोटा में 28 व 29 जून को सम्पन्न हुई प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से 300 से ज्यादा चुनिंदा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इसी कड़ी में आरंग क्षेत्र के युवा खिलाड़ी ने अपने गोला फेक में उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया और तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रांज मेडल अपने नाम किया। माता पिता चन्द्राकर परिवार खेल प्रेमियों, ग्रामवासियों और जिला जनपद जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ी को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय को युवा सम्मेलन के लिए दिया न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी 20 जुलाई को बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय से समाज के युवाओं के उत्थान एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा समाज के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रजक समाज की एकजुटता और प्रगति की सराहना करते हुए सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक उपस्थित थे।

### आईएफएस मयंक संयुक्त सचिव सुशासन अभिसरण

**रायपुर।** आईएफएस मयंक अग्रवाल, डीएफओ कोरबा को सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्त पर लेते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए चीफ आपरेटिंग ऑफिसर चिप्स का अतिरिक्त प्रभारी सौंपा गया है।

### नगर सैनिक के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा नगर सैनिक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 22 जून को आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी 8 जुलाई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। स्वयं सेवी नगर सैनिकों के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। दावा आपत्ति के लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान करना होगा। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### वनाधिकार क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों प्रकार के वन संसाधन अधिकारों की मान्यता एवं वितरण में देश के अग्रणी राज्यों में रहते हुए सक्रिय, सकारात्मक और सराहनीय भूमिका निभाई है। अब तक प्रदेश में 4,78,641 व्यक्तिगत अधिकार तथा 4,349 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, जिससे कुल 20,06,224 हेक्टेयर क्षेत्र पर कानूनी अधिकार प्रदान कर लाखों वनवासी परिवारों को सशक्त बनाया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश की प्रशासनिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और सतत विकास के प्रति दृढ़ निष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वन विभाग द्वारा सीएफआरआर क्रियान्वयन के दौरान मॉड्यूल प्रबंधन योजनाओं और दिशा-निर्देशों के अभाव में फील्ड अधिकारियों को केवल एक परामर्श जारी किया गया था, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सामुदायिक प्रबंधन योजनाएं राष्ट्रीय वर्किंग प्लान कोड, 2023 से वैज्ञानिक रूप से समन्वित हों।

# विरोध के बाद खौली शराब दुकान के लिए एक भी आवेदन नहीं, दोंदे में भी खुलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में शराब की 7 नई दुकानें खोलने आबकारी विभाग के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है, क्योंकि जिन ग्रामों में ये दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी गई हैं, उनमें खौली और दोंदे में शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के कारण निविदा में ग्राम खौली शराब दुकान के लिए एक भी आवेदन नहीं किया गया। विभागीय सूत्र के अनुसार अन्य 6 जगहों पर शराब दुकान खोलने के लिए आवेदन किए गए हैं, लेकिन ग्राम दोंदे में भी ग्रामीणों के विरोध के कारण आवेदक निविदा खुलने की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। इस तरह दोंदे में भी शराब दुकान का खुलना मुश्किल लग रहा है। इधर इस मामले में जिला आबकारी विभाग के अधिकारी का कहना है कि जिन जगहों पर विरोध के कारण आवेदन नहीं आए हैं, उन दुकानों के लिए शासन स्तर पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।




### अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने प्रदेश में 67 नई दुकानें खोलने जारी की गई निविदा

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए शासन ने प्रदेशभर में 67 नई शराब दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी की है। इसमें रायपुर जिले में 7 दुकानें खोलने के लिए निविदा जारी की गई है। ये दुकानें ग्राम भैंसा, समोदा, टेमरी, खौली, पलोद, दोंदेखुर्द एवं नया रायपुर के सेक्टर-29 में खोली जानी है। इन दुकानों के लिए आवेदन आज अपरान्ह 3 बजे तक किया जाना था। आवेदन का समय खत्म होने के एक घंटे बाद शाम 4 बजे निविदा खोली गई। इसमें ग्राम खौली के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला। इसका कारण ग्राम खौली के ग्रामीणों द्वारा शराब दुकान को लेकर किया जा रहा विरोध है। सरपंच, अन्य पदाधिकारियों सहित गांव के लोग शराब दुकान के विरोध में लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके पालक शराब दुकान के निरस्त होने तक स्कूल भेजना बंद कर दिए हैं। इस विरोध को देखते हुए गांव में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने के लिए किसी ने भी रूचि नहीं दिखाई।

### दोंदेखुर्द में भी मशाल रैली सहित प्रदर्शन कर चुके ग्रामीण

दोंदेखुर्द में भी नई शराब दुकान प्रस्तावित है, लेकिन इस गांव के लोग इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने दुकान के विरोध में मशाल रैली, प्रदर्शन भी कर चुके हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस गांव में शराब दुकान खोलने के लिए एक आवेदन किया गया था, लेकिन विरोध के कारण अब वह भी पीछे हट गया है। इस तरह दोंदे में भी शराब दुकान खोलना विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।

### विरोध वाली दुकानों पर शासन लेगा निर्णय

जिन दुकानों का विरोध हो रहा है, उन दुकानों पर शासन स्तर पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। शासन से जो निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

## मुख्यमंत्री का विजन- विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए डिजिटल क्रांति को नई गति देने पर बल

# राज्य में समयसीमा के भीतर 5000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई।



### इन योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं एलडब्ल्यूई सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर, आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

### वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक पोर्टल शुरू

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के केपीआई इसमें प्रदर्शित किए गए हैं।

### रायपुर में स्थापित होगा अत्याधुनिक बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत सरकार एवं राज्य शासन के सहयोग से रायपुर में जैव प्रौद्योगिकी पार्क परियोजना की स्थापना की जा रही है। इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अत्याधुनिक बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। सेंटर की स्थापना के लिए भारत सरकार, राज्य शासन एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन सोसाइटी है। बायोटेक इंक्यूबेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैव संसाधनों के दोहन के साथ-साथ नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता एवं बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

#### 23 आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित होंगी

इंक्युबेशन सेंटर में कुल 23 आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिनमें बीएस-4 स्तर की जैव सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही दो सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन एवं एनालिटिकल टेस्टिंग लैब की भी स्थापना की जा रही है। छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इससे जहां एक ओर शोध और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित होगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे।

**17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 बड़े उद्योग का होगा संचालन**

इंक्यूबेशन सेंटर में 17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 वृहद उद्योगों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी। कुल 23 स्टार्टअप कंपनियों के लिए कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जो तीन वर्षों तक सेंटर में कार्यरत रह सकेंगी। कृषि और फार्मा बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित स्टार्टअप को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर के निर्माण एवं फर्निशिंग कार्य के लिए 20 करोड़ 55 लाख रुपये की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

## मैदानी क्षेत्रों में कम बारिश से बोनी प्रभावित, किसान नहीं लगा पाए रोपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून के आगमन के साथ ही खेती-किसानी का काम जोरों पर शुरू हो गया है। 2 जुलाई तक तक प्रदेश में 170 मिमी से अधिक औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो राज्य की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी का हिस्सा है। बारिश ने किसानों को खेतों में काम शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। वहीं कई जिलों में बारिश की गतिविधि में कमी के कारण बुआई तो हुई है पर किसान अब तक रोपा नहीं लगा पाए। अच्छी बारिश होने पर किसान खेतों में पानी भरने पर रोपा का काम शुरू करेंगे। महासमुंद जिले के कई ब्लॉक, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर जिले के कई ब्लॉकों में किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

बताया गया है कि आने वाने दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ बुआई में भी तेजी आएगी। राज्य शासन की ओर से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने खरीफ 2025 के लिए 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा है। अब तक 6 लाख क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 3.68 लाख क्विंटल बीज किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। यह मांग का 74 प्रतिशत है। पिछले साल खरीफ 2024 में 4.64 लाख क्विंटल बीज वितरित किए गए थे। इसी तरह उर्वरक वितरण का लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। इसके तहत 11.36 लाख मीट्रिक टन उर्वरक सहकारी और निजी क्षेत्रों में भंडारित किए गए हैं, जिनमें से 6.58 लाख मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को दिए जा चुके हैं। यह लक्ष्य का 45 प्रतिशत है।



**सरकार के निर्देश** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, किसानों को उनकी मांग के अनुसार खाद-बीज सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद-बीज वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सोसायटियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में विभाग इस पर निगरानी रख रहा है।

**किसानों की तैयारी :** प्रदेश के किसान मानसून की बारिश का लाभ उठाकर धान, मक्का, और अन्य फसलों की बोनी में जुटे हैं। कृषि विभाग के अनुसार बोनी का रकबा लगातार बढ़ रहा है, और मौसम अनुकूल रहने पर लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सकता है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद-बीज की उपलब्धता उनकी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है।

## आबकारी आरक्षक परीक्षा में गड़बड़ी पर बृजमोहन ने व्यापम अध्यक्ष को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी आरक्षक परीक्षा 2025 में गड़बड़ी पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) की अध्यक्ष रेणु पिल्ले को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। यह मामला आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 से जुड़ा है, जिसके लिए 4 जून से 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चलाई गई थी और परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को 200 पदों के लिए प्रस्तावित है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी सामने आए हैं, जिन्होंने समय सीमा के भीतर परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान तो कर दिया, लेकिन व्यापम की तकनीकी विफलता यानी सर्वर की त्रुटि के कारण उनका फॉर्म अंतिम रूप से सबमिट नहीं हो सका। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन अभ्यर्थियों की शिकायतों को व्यापम कार्यालय द्वारा न तो स्वीकार किया जा रहा है और न ही कोई अधिकारी उनकी सुनवाई कर रहा है। इससे आहत अभ्यर्थियों ने सांसद श्री अग्रवाल से संपर्क कर न्याय की गुहार लगाई। श्री अग्रवाल ने इस पूरे घटनाक्रम को छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार की भावना और नागरिक-केन्द्रित शासन व्यवस्था के विरुद्ध बताया है। उन्होंने व्यापम अध्यक्ष से स्पष्ट रूप से कहा है कि, जो अभ्यर्थी शुल्क का भुगतान कर चुके हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। ऐसे अभ्यर्थियों को एक या दो दिन का अतिरिक्त अवसर देकर फॉर्म ऑफलाइन या ऑनलाइन पूरा करने की सुविधा तत्काल दी जाए।



## कांग्रेस बोली- नीति आयोग ने खोली भाजपा सरकार की पोल

**रायपुर।** नीति आयोग की रिपोर्ट जारी कर छत्तीसगढ़ को गरीबी के मामले में देश में अव्वल दर्जा देने को भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट से भाजपा सरकार के सुशासन विकास के दावों की पोल खुल गई। गरीबी के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल है। प्रदेश में 39 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने मजबूर हैं। 2015-16 में प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक थी, कांग्रेस सरकार के दौरान नीति आयोग ने रिपोर्ट में 40 लाख से अधिक लोगों का जीवन सुधरने का आंकड़े जारी किया था। नीति आयोग ने अगस्त 2023 में रिपोर्ट जारी कर प्रदेश में 10 प्रतिशत गरीबी रेखा का आंकड़ा बताया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की सरकार रोजगार, स्वास्थ्य की सुविधा, महंगाई से राहत देने में, लोगों की आय बढ़ाने में असफल हो गई है। यही कारण है, अगस्त 2023 में जहां प्रदेश में 10 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे, वह 2025 में बढ़कर 39 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो राष्ट्रीय औसत 21 प्रतिशत से दोगुना के करीब है। 17 महीने में भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बदहाल कर दिया।



# राज्य सरकार ने डीएपी की कमी दूर करने पुख्ता वैकल्पिक व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मीट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन से 17.18 लाख मीट्रिक टन हो गया है।



### किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कृषि विभाग के अनुसार, खरीफ-2025 में किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 12.13 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कराया गया है, जिसमें से 7.29 लाख मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है। राज्य में वर्तमान में सहकारी और निजी क्षेत्र में 4.84 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लिए उपलब्ध है।

## सभी निगम, पालिका, नगर पंचायत को आदेश जारी

# कॉलोनाइजर-बिल्डर न कचरा प्रबंधन कर रहे, न वॉटर ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कॉलोनाइजर और बिल्डर सरकार से अपने प्रोजेक्ट के लिए जिस एक्ट के तहत अनुमति ले रहे हैं, उसका पूरा पालन नहीं कर रहे हैं। इन लोगों को अपनी कॉलोनियों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अशुद्ध जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था भी करनी है, लेकिन ये लोग ये काम नहीं कर रहे हैं। सरकार ने साफ किया है कि ये स्थिति पूरी तरह अस्वीकार्य है। लिहाजा अब इन मकान निर्माता कारोबारियों पर सरकार कार्रवाई के लिए तैयार हो गई है।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों नगर निगमों के आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया है। कहा गया है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त आवासीय व्यावसायिक परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण (वाटर ट्रीटमेंट- रीसायकिलिंग) कराये जाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की जाये। अन्यथा की स्थिति में संबंधित आवासीय व्यावसायिक परिसरों के विरूद्ध प्रचलित नियमों में उल्लेखित दण्डात्मक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही किया जाये।

### सरकार को ये मंजूर नहीं



### इसलिए जारी हुआ निर्देश

दरअसल शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि, बहुतायत नगरीय निकायों में कॉलोनाईजर बिल्डरों द्वारा निर्मित आवासीय व्यावसायिक परिसरों में एक्ट के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है अथवा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल उपचार एवं पुनर्चक्रण का कार्य नहीं किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह स्थिति पूरी तरह अस्वीकार्य है।

### इस नियम से मिलती है कॉलोनाइजर बिल्डर को अनुमति

छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 तथा छ.ग. नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अधीन तथा अन्य सुसंगत नियमों अधिनियमों के अध्यधीन निकायों द्वारा कॉलोनाईजर बिल्डरों को आवासीय व्यावसायिक परिसरों के निर्माण हेतु जारी किये जा रहे अनुमति की शर्तों के अनुरूप संबंधित परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण के लिए सशर्त स्वीकृति संबंधित कॉलोनाईजर बिल्डर को प्रदान की जा जाती है। इसमें शामिल है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान तथा निर्धारित मानकों एवं प्रावधानित नियमों के अनुरूप जल का पुनर्चक्रीकरण किया जाना। ठोस अपशिष्ट (गारबेज) को एकत्रित करने हेतु परिसर में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराना तथा उसको वैज्ञानिक विधि से निपटान करना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में दिये गए प्रावधानों अनुसार कॉलोनी परिसर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करनी होगी। इस नियम के हिसाब से कॉलोनाईजर, बिल्डर द्वारा निर्मित आवासीय व्यावसायिक परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण की समुचित व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाईजर बिल्डर तथा हैण्डओवर की स्थिति में रहवासी कल्याण संघ की तय है।

# किसानों को कांग्रेस ने आर्थिक रूप से किया मजबूत, अब खाद के लिए भटक रहे अन्नदाता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी 7 जुलाई को आयोजित किसान, जवान, संविधान जनसभा की तैयारियों में जुटी है। इस सिलसिले में प्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर ने बलौदाबाजार जाकर कांग्रेस जनों की बैठक ली, जिसमें बड़ी संख्या में विधायक, पूर्व विधायक, कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 जुलाई की सभा में बलौदाबाजार से अधिक से अधिक लोग जाएंगे। मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वर्ष 2003 धान खरीदी के लिए कांग्रेस सरकार ने धान उपार्जन नीति बनाई। कांग्रेस सरकार के समय बनी धान उपार्जन नीति आज तक चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में किसानों की खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान कठिनाई में है।

### संविधान ने समानता का अधिकार दिया

उन्होंने बताया कि संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है, लेकिन कहीं धर्म तो कहीं जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव उत्पीड़न किया जा रहा। इससे जगह-जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही। संविधान सुरक्षित रहेगा तो लोग सुरक्षित रहेंगे, इसीलिए संविधान की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे जोन के जीएम ने किया 27 अधिकारियों का सम्मान



**रायपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने जोन मुख्यालय में बुधवार को पूरे जोन के कुल 27 लोगों को सम्मानित किया, इनमें रायपुर रेलवे स्टेशन के चार अधिकारी शामिल हैं। रायपुर के मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक प्रबल मित्रा, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक रामसिंह नेताम, सीनियर टिकट पर्यवेक्षक बाय सुधाकर राव और मुख्य टिकट इंस्पेक्टर केवी राव शामिल हैं। इन चारों को जोन मुख्यालय बिलासपुर में उत्कृष्ट सेवा प्रमाणपत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। रायपुर स्टेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों इस पर हर्ष जताया है। इस मौके पर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक ने 20 जून को रायपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण किया था। उसके पूर्व भी महाप्रबंधक रायपुर रेल्वे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा, सफाई, सिग्नल, बुकिंग, पार्सल, वाणिज्य, निर्माण और अन्य सभी कार्यों की बारीकी से जांच कर चुके थे। उनके साथ सभी विभागों के बिलासपुर जोन के विभाग अध्यक्ष मौजूद थे। इसके बाद बिलासपुर जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों की सूची बनाकर उन्हें जोन मुख्यालय बिलासपुर बुलाकर सम्मानित किया।

## निधन

### पूनम अग्रवाल



**रायपुर।** जवाहर नगर निवासी पूनम अग्रवाल का 3 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे राजकुमार अग्रवाल की बहू और हर्षवर्धन अग्रवाल की पत्नी थीं।

# बारिश में रहेगा खतरा, नदी-तालाबों में सुरक्षा के इंतजाम नहीं, हर साल डूबने से 30 से ज्यादा मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

मानसून आगमन के बाद अब रायपुर जिले में नदी और तालाबों का जल स्तर भी बढ़ने लगा है। बारिश के पानी से जैसे-जैसे नदी और तालाबों का जल स्तर बढ़ेगा, वैसे-वैसे इन स्थानों पर आम लोगों के जान का खतरा भी बढ़ेगा, क्योंकि अक्सर बारिश के मौसम का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग नदी और तालाबों के पास घूमने-फिरने के लिए जाते हैं। एक ओर जहां इन लोगों की सुरक्षा को लेकर नदी और तालाबों में अभी तक किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है, वहीं पिछले 20 वर्षों में औसतन आकड़ों के अनुसार जिले में नदी, तालाब, नहर, नाला तथा कुआं आदि में डूबने से हर साल 25 से 30 लोगों की जान जाती है। इनमें कई जानें तो नदी और तालाब में नहाने के दौरान हादसे में गई हैं। सावन महीना 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। सावन के महीने में महादेव घाट में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस दौरान नदी में हर दिन सैकड़ों-हजारों लोग डुबकी लगाकर भगवान की आराधना भी करते हैं। सावन महीना को शुरू होने में महज अब 7 दिन ही शेष हैं, लेकिन घाट पर अब तक लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

## सावन महीने में डुबकी लगाने वालों की बढ़ेगी भीड़

### तालाबों में भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं

शहर में ऐसे कई तालाब है, जिसे आकर्षक बनाने के लिए सौंदर्यीकरण किया गया है। इनमें मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब, कटोरा तालाब, डीडीनगर तालाब, बूढ़ातालाब सहित अन्य कई तालाब हैं। इन तालाबों में हर दिन सुबह और शाम को बड़ी संख्या में लोग घूमने-फिरने पहुंचते हैं। बारिश के कारण इन तालाबों का जल स्तर भी लगातार बढ़ रहा हैं, लेकिन यहां अभी तक लोगों के सुरक्षा की दृष्टि से कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।



### नदी के तटों पर सुरक्षा के अभी तक इंतजाम नहीं

राजधानी रायपुर के महादेव घाट में बारिश के सीजन में सबसे ज्यादा लोग घूमने-फिरने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा कई लोग सुबह, दोपहर एवं शाम को भी नहाने पहुंचते हैं। इनमें वृद्ध, अधेड़, युवाओं के अलावा नाबालिग लड़के भी जाते हैं। बारिश में नदी का जल स्तर बढ़ जाता है, जिससे एनीकेट में पानी का बहाव भी तेज हो जाता है। इसके बाद भी इस एनीकेट में लोग नहाते हैं। इस एनीकेट में गुरुवार को भी कुछ लड़के नहाते मिले, लेकिन यहां अब तक सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, जबकि बारिश के दिनों में इस एनीकेट पर जाने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### डॉग लवर संस्था करेगी डॉग शेल्टर होम का संचालन

# सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर बनकर तैयार 77 कुत्तों की होगी एक साथ देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहरवासियों को आवारा कुत्तों की समस्या से जल्द राहत मिलेगी। राजधानी से लगे सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम बनकर तैयार है, जहां 10 पालतू कुत्तों की देखरेख डे केयर में की जायेगी। वहीं बीमार व घायल 67 कुत्तों के उपचार, भोजन और देखभाल, सर्जरी की व्यवस्था रहेगी। डॉग लवर संस्था को यह जिम्मा दिया गया है। यह संस्था 5 साल तक इसका संचालन करेगी।

नगर निगम द्वारा सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर होम बनवाया गया है, जहां कुत्तों की नसबंदी और बीमार कुत्तों का अलग से उपचार किया जाएगा। यही नहीं, वेटनरी डॉक्टरों के लिए अलग से चैंबर, श्वान के लिए वेटिंग हॉल, आपरेशन थियेटर और उपकरण रखने कक्ष बनाया गया है। अनुबंधित संस्था कुत्तों की देखभाल, भोजन की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि कुत्तों के डॉक्टरी उपचार और वैक्सीनेशन का खर्च नगर निगम उठायेगा। डे केयर में पालतू कुत्ते छोड़कर जाने वालों से मिलने वाला शुल्क अनुबंधित संस्था को मिलेगा। इससे वह कुत्तों के भोजन सहित अन्य तरह के खर्च वहन कर सकेगी।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है, डॉग शेल्टर होम शुरू होने से शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, घायल तथा बीमार कुत्तों का इलाज समय पर होने से उनकी स्थिति में सुधार होगा। आवारा कुत्तों की नियमित सर्जरी होने से शहर के नागरिकों को डॉग बाइट की घटनाओं से बचाने में मदद भी मिलेगी। विदित हो कि वर्तमान में स्ट्रीट डॉग का उपचार व सर्जरी बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सा केंद्र में अनुभवी पशु चिकित्सक और उनके स्टाफ द्वारा किया जा रहा है।

### जल्द होगा शुरू

सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम जल्द शुरू होगा। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। स्वयंसेवी संस्था डॉग लवर को इसके संचालन का जिम्मा दिया गया है।

- **विनोद पांडे,** अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर

### डे केयर में 10 पालतू कुत्तों को शुल्क लेकर रखने की व्यवस्था

शहर के ऐसे रहवासी जिनके पास पालतू कुत्ता है और वे घर से कुछ दिन के बाहर जा रहे हैं, तो उन्हें टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। रायपुर नगर निगम ने एक ऐसा सिस्टम बनाया है, जिसमें अनुबंधित संस्था पालतू कुत्ते की हिफाजत डे केयर में करेगी। इसके लिए 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क देना होगा। सोनडोंगरी में बनाये नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम में 10 पालतू कुत्तों की देखरेख डे केयर में की जायेगी। इस तरह के 10 बाड़े पालतू कुत्ते को रखने के लिए बनाये गये हैं। वहां शहर का कोई भी श्वान प्रेमी निर्धारित शुल्क देकर अपने पालतू कुत्ते को कुछ दिन के लिए रख सकेगा। प्रदेश की राजधानी में अपनी तरह का यह अनूठा सिस्टम है।

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से बढ़ने लगा जलस्तर, सिंचाई विभाग को आपूर्ति रोकने भेजेंगे चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसूनी सीजन शुरू होते ही शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव का पानी पहुंचने लगा है। इससे नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। निगम के जल विभाग को उम्मीद जगी है, ऐसी ही स्थिति आने वाले 2 से 3 दिनों तक बनी रहने पर वे सिंचाई विभाग को चिट्ठी लिखकर गंगरेल डेम से कच्चे पानी की आपूर्ति बंद करने का आग्रह करेंगे। गंगरेल डेम से शहर के लिए प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की जरूरत पड़ती है, पर पिछले एक सप्ताह से नदी में प्राकृतिक बहाव से पानी आने के कारण यह मात्रा अब घटकर 150 क्यूसेक रह गयी है। यानी डेम से लिये जाने वाले रॉ वाटर की मात्रा में 100 क्यूसेक तक कमी आई है। आने वाले दिनों में प्राकृतिक बहाव से भरपूर पानी मिलने पर गंगरेल डेम से पानी आपूर्ति की जरूरत नहीं रहेगी।

- शहर को 6 माह तक प्राकृतिक बहाव से मिलेगा भरपूर पानी
- गंगरेल डेम से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की जगह ले रहे 150 क्यूसेक रॉ वाटर

दरअसल, निगम का जल विभाग शहर में स्थित 45 नई व पुरानी टंकियों के जरिये शहर के 15 लाख आबादी की प्यास बुझाता है। इसके लिए उसने सिंचाई विभाग के साथ 15 साल की अवधि के लिए एग्रीमेंट किया है, ताकि शहरवासियों को सालभर पीने का भरपूर पानी बिना किसी दिक्कत के आसानी से उपलब्ध हो। अनुबंध के तहत सिंचाई विभाग नगर निगम रायपुर को सामान्य दिनों में डिमांड के अनुरूप रोजाना 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति करता है। इसमें 4 महीने खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव का पानी भरपूर मात्रा में मिलने से नगर निगम को गंगरेल डेम से पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।



### जल स्तर बढ़ा, 3 दिन बाद भेजेंगे चिट्ठी

खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। यही स्थिति आने 3 वाले दिनों तक बनी रहने पर सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर गंगरेल डेम से रॉ वाटर आपूर्ति बंद करने आग्रह किया जाएगा। बारिश के कारण पानी में मटमैलापन बढ़ा है।

- **नरसिंह फरेंद्र,** कार्यपालन अभियंता जल विभाग, नगर निगम रायपुर

# अब निर्माण सहित सभी कार्यों में ई-चालान, ई-नोटिस देगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम अब अपने निर्माण सहित सभी कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देगा। इसमें नक्शा स्वीकृति से लेकर दी जाने वाली सभी स्वीकृति एवं नोटिस मेनुअल की जगह ऑनलाइन रहेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निवेशक आभाष मिश्रा को निर्देशित किया है कि शहर के नागरिकों के नगर निगम संबंधित कार्यों को अधिक सहज और सुविधा युक्त बनाया जाये।

- दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखने वालों पर होगी कार्रवाई

रायपुर नगर निगम अपने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाने ई चालान और ई नोटिस का सिस्टम विकसित करने जा रहा है। गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में आयुक्त विश्वदीप से समय-सीमा समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने कहा है कि ई चालान की व्यवस्था प्रभावी तरीके से की जाये। अधोसंरचना मद, विधायक निधि, विविध निधियों के विकास कार्यो की समय-समय पर निगरानी कर समय सीमा में कार्य पूरा करवाए जाएं। निगम आयुक्त विश्वदीप में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, निदान 1100, जन प्रतिनिधियों से प्राप्त आम जनता की समस्याओं से संबधित आवेदनों को गंभीरता से लेकर उसका त्वरित निदान करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह शौचालय, तालाब, प्रमुख मार्गों और बाजारों में अच्छी सफाई व्यवस्था कायम रखने की हिदायत दी। उन्होंने सभी जोन आयुक्तों से जोनवार जलभराव क्षेत्रों की जानकारी देने के निर्देश दिये, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके।

बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता द्वय, उपायुक्त और जोन कमिश्नर, नगर निवेशक, विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### कन्फर्म टिकट की...

तक वेटिंग टिकट मिल जाता था, वहीं अब वेटिंग की संख्या सीमित होने से बुकिंग समय से पहले ही बंद कर दी जा रही है। हरिभूमि ने गुरुवार को रायपुर के तीन प्रमुख आरक्षण केंद्रों में पड़ताल की, जहां रोजाना 200 से 800 यात्री टिकट लेने पहुंचते हैं। इनमें से करीब 60 फीसदी यात्री ऐसे हैं, जिन्हें यात्रा से 1-2 दिन पहले टिकट नहीं मिल पा रहा है। टिकट न मिलने की मुख्य वजह है, बुकिंग का समय से पहले ही बंद हो जाना है। अब यात्री यदि सप्ताहभर पहले टिकट लेने की कोशिश करे, तभी वेटिंग टिकट मिलने की संभावना है। वहीं, 40 प्रतिशत यात्रियों को अभी भी सीट उपलब्ध होने पर कन्फर्म टिकट मिल रहा है। रेलवे के इन नए नियमों से जहां कुछ यात्रियों को दिक्कत हो रही है, वहीं जिन्हें समय पर कन्फर्म टिकट मिल रहा है, उन्हें यात्रा में बेहतर अनुभव मिल रहा है।

### नामांतरण के एवज में...

उल्लेख किया था कि उसने टेकापारा में चार जमीन खरीदी थी। खरीदी जमीन का नामांतरण कराने तहसील कार्यालय में उसने तहसील कार्यालय में आवेदन दिया था। जमीन का नामांतरण कराने उसने तुकाराम से संपर्क किया, तो उसने प्रति जमीन का नामांतरण करने पांच-पांच हजार रुपए देने की मांग की थी। इसके बाद झनेंद्र ने इसकी शिकायत एसीबी के पास की। एसीबी ने वीरेंद्र को साढ़े 17 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### अनुसूचित जाति की युवती...

नबी के खिलाफ पांच दिसंबर 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मूल रूप से डीडीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह किसी के यहां काम करने जाती थी। जहां युवती काम करती थी, वहां नबी अपने एक कर्मी के साथ ग्रिल लगाने गया था। इस दौरान युवती ने नबी तथा उसके कर्मी को चाय बनाकर पिलाई। युवती पढ़ी लिखी थी, इसलिए उसने नबी से अपने लायक काम मिलने के बारे में जानकारी ली। इस पर नबी ने युवती को अपना विजिटिंग कार्ड देकर मिलने के लिए बुलाया।

**मारपीट करने के साथ गर्भपात कराया-** युवती के अनुसार शादी करने की बात कहने पर नबी टालमटोल करता था। साथ ही मकान किराया दिलाने की धौंस दिखाकर युवती के साथ रेप तथा मारपीट करता था। युवती सितंबर 2024 में गर्भवती हो गई, तो उसने नबी पर शादी करने का दबाव बनाया। नबी ने युवती को जल्द ही शादी करने का झांसा देकर गर्भपात कराया। कुछ समय बाद युवती ने शादी करने पुनः दबाव बनाया, तो नबी ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर युवती ने नबी के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई।

### कारोबारियों की बढ़ी...

मिल पा रही है। रेत के अलावा मुरुम और गिट्टी के दाम भी बढ़ चुके हैं। गिट्टी 25 हजार रुपए और मुरुम 9 से 10 हजार रुपए हाईवा पहुंच चुकी है।

**15 दिनों में 6 से 8 हजार तक बढ़ी रेत की कीमत-** मीडियम और बारीक रेत की कीमत पिछले 15 दिनों में 6 हजार से लेकर 8 हजार तक बढ़ी है। मीडियम रेत खदानों में प्रतिबंध लगने से पहले 13 से 14 हजार रुपए फीट थी, वहीं बारीक रेत 15 से 16 हजार रुपए में बेची जा रही थी। कीमत बढ़ने के बाद मीडियम रेत अब 18-20 रुपए तथा बारीक रेत 22 से 23 हजार रुपए फीट तक बेची जा रही है।

### कीमत पर नियंत्रण...

नहीं की गई है। यही वजह है कि कारोबारी खुलेआम मनमानी कीमत पर रेत बेचते हैं, जिससे आम लोगों की जेबें भी कट रही हैं।

### प्रावधान नहीं इसलिए...

विभाग का नहीं है। अधिकारियों का यह जरूर कहना है कि शिकायत आने पर मामले में कार्रवाई करने का प्रावधान है, लेकिन अब तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है।

### जिले के 27 थानों...

यातायात प्रमोद सिंह, गुढ़ियारी भेखलाल चंद्राकर, मौदहापारा रविंद्र यादव, गोलबाजार यशवंत प्रताप सिंह, माना यामन कुमार देवांगन, कोतवाली अजीत सिंह राजपूत, अजाक थाना मनोज साहू, कबीर नगर सुनील दास, डीसीआरबी मल्लिका बेनर्जी, खरोरा रमाकांत तिवारी, यातायात कमलेश देवांगन, पंडरी स्वराज त्रिपाठी, सरस्वती नगर नरेंद्र साहू, खम्हारडीह वासुदेव परगनिया को थाना प्रभारी बनाया गया है।

**॥ शपथ पत्र ॥**

मैं उमा कुर्रे पति श्री चंद्र प्रकाश कुर्रे, निवासी ब्लॉक एन 04, एच नं. 23 वालफोर्ट गली बी.एस.यू.पी. कालोनी भाटागांव रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे पुत्र पवन कुर्रे का जन्म दिनांक 20.07.2016 को स्थान जिला हॉस्पिटल रायपुर छ.ग. में हुआ है जिसके जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम मोना कुर्रे दर्ज है जो कि मेरे घरेलु नाम है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम उमा कुर्रे दर्ज है जो कि मेरे सत्य व वास्तविक नाम है।
4. यह कि उमा कुर्रे एवं मोना कुर्रे दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरे स्वयं का नाम है।
5. यह कि मैं अपने उक्त नाम उमा कुर्रे एवं मोना कुर्रे दोनों नाम एक की व्यक्ति का नाम होने का समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाना चाहती हूँ जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य व सही है जिसे मैं अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 03.07.2025

उमा कुर्रे
शपथकर्ती

**न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज**
(पीठासीन अधिकारी श्रीकांत श्रीवास)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)
मो.दु.दा.प्र.क्र.-12/2023
प्रोसेस क्रमांक- 183
पेशी दिनांक-29.07.2025

पक्षकारः-निकोलस लकड़ा ------आवेदक

-: विरूद्ध :-

मुजिब खान व अन्य ------अनावेदकगण

प्रति,

आवेदक निकोलस लकड़ा के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-04 शॉप नम्बर-516, पांचवी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, कामार्शियल काम्पलेक्स, जी.ई. रोड, रायपुर पिन नम्बर-492001 छ.ग. रायपुर को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु आगामी पेशी दिनांक-29.07.2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आंज दिनांक 23/06/2025 को जारी।

(श्रीकांत श्रीवास)
द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांकः- 03/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न. 81 रा.नि.म.-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदिका श्रीमती रेखा पति संजय जैन निवासी चौबे कालोनी रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर. 168/3 शामिल 173/2, 169/1, 171/1, 172, 173/1, 173/3, 174/1, 174/2, 175/2, 1226/1, 1226/3, 1226/4, 1126/5 1226 / 6 कुल रकबा 3.1180 भूमि का सीमांकन हेतु** आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क.- / क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांकः- 20/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- 11/07/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र./ / अ/6 अ वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 18/06/2025

ग्राम बिरगांव प.ह.नं. 88 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गैंदलाल देवांगन पिता स्व. रामभरोसा देवांगन निवासी ग्राम बिरगांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा नया ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बिरगांव प.ह.न. 88 रा.नि.म. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसीवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 280/19 रकबा 0.0080 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त नही हुआ है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नया ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नया ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04/07/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धरसींवा जिला रायपुर
(छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता नजाकत अली वल्द मोहम्मद अली, निवासी-मिनाक्षी लुक यंग ब्यूटी एकेडमी, फरिश्ता नर्सिंग होम के बाजू, कटोरा तालाब, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा धरमपुरा, प.ह.नं. -78, रा.नि.मं -रायपुर-1, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 200/8, रकबा 0.0930 हे. एवं खसरा नंबर 200/9, रकबा 0.011 हे उक्त दोनों भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरी पक्षकारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 03.07.2025

भवदीय
श्रीमती रेखा बघेल अधिवक्ता
पता नया बिल्डिंग नोटरी हॉल जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 7869320934

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन (MBBS, MS Surgery) Laporoscopic Laser Surgeon Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रानी लक्ष्मीबाई अमन नगर में गुरुवार को 24 लाख 15 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही प्रगति नगर में विधायक निधि से बने 10 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक मोतीलाल साहू ने किया। वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने विधायक की और क्षेत्र के निवासी अख्तर चौहान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस उद्घाटन कार्य से स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिला। इसी दौरान निवासियों ने विधायक और पार्षद देवदत्त द्विवेदी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम सेन, पार्षद मोहन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष नागोडे, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन जयप्रकाश चंद्रवंशी, ओमेश जिभेकर, ओमप्रकाश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज साहू, मंडल उपाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, मुस्लिम समाज के मुतवल्ली और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### पीयूष नगर से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**रायपुर।** श्री मंदिर पीयूष नगर स्थित कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर से 4 जुलाई की शाम 4 बजे महाप्रभु श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा अनंत श्रद्धा, अपार भक्ति और जीवों के कल्याण का प्रतीक मानी जाती है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर शाम 6.30 बजे अधर पाना एवं नीलाद्रि विजय का पावन आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पं. अरविंद्र अवस्थी ने देते हुए बताया कि सभी श्रद्धालु प्रभु के रथ को खींचकर पुण्यलाभ अर्जित करें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी शामिल होंगे।

# मुंह में पिन दबाए था 13 वर्षीय बालक, खांसते वक्त चला गया फेफड़े में, खोजने वीडियो ब्रोंकोस्कोपी की मदद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स में अपने तरह की दुर्लभ सर्जरी करते हुए एक 13 वर्षीय बालक के सीने से पिन निकाला गया। बालक पिछले दो सप्ताह से लगातार सीने में दर्द और तेज बुखार की शिकायत अपने परिजनों से कर रहा था। इसके बाद बालक 30 जून को एम्स के ट्रॉमा और आपातकालीन विभाग में खांसी में खून आना, लगातार बुखार और दो सप्ताह से अधिक समय से सीने में दर्द की शिकायत के साथ आया था। जब उसका विस्तृत इतिहास लिया गया, तो उसने बताया कि वह एक पिन को मुंह में दबाकर उससे खेल रहा था, जिसे खांसते समय उसने गलती से निगल लिया था एक्सरे के बाद यह सामने आया कि बालक के सीने में पिन धंसी हुई है। इसके बाद एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जांच और ऑपरेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की एक बहुविशेषज्ञीय टीम ने फेफड़े में गहराई तक फंसी धातु की इस नुकीली पिन को सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

**निमोनिया के भी लक्षण:** जांच में सामने आया कि नुकीली धातु की पिन बाएं फेफड़े के निचले हिस्से के ब्रोंकस (श्वासनली की शाखा) में फंसी हुई है। साथ ही वहां पर निमोनिया के भी लक्षण दिखे। फेफड़े को और क्षति या रक्तस्राव से बचाने के लिए तत्काल उपचार आवश्यक था। मरीज की तुरंत ब्रोंकोस्कोपी (श्वासनली की एंडोस्कोपिक जांच) का निर्णय लिया गया। वीडियो ब्रोंकोस्कोपी की मदद से टीम ने पिन को सटीक रूप से खोजा और विशेष उपकरणों द्वारा सावधानीपूर्वक बाहर निकाला। मामूली रक्तस्राव को टेम्पोनाड और स्थानीय एड्रेनालिन द्वारा नियंत्रित किया गया। यह प्रक्रिया सफल रही और कोई जटिलता नहीं हुई। अगले दिन बच्चे को एंटीबायोटिक्स और फिजियोथेरेपी निर्देशों के साथ छुट्टी दे दी गई।

## विशेष उपकरणों की मदद से चिकित्सकों की टीम ने निकाला बाहर

**लगातार बुखार और सीने में दर्द की शिकायत के बाद सामने आया था मामला**



### समय पर पहचान ना होने से जटिलताएं

फेफड़े में फंसी वस्तुएं यदि समय पर पहचानी न जाए तो गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं, जैसे-बलगम जमा होना, सांस की नली अवरुद्ध होना, संक्रमण या फेफड़े को स्थायी क्षति। एम्स के चिकित्सकों ने कहा, उन्नत ब्रोंकोस्कोपी तकनीकों द्वारा समय पर पहचान और कम से कम इनवेसिव हस्तक्षेप के जरिए फेफड़े की कार्यक्षमता को सुरक्षित रखा जा सकता है और सर्जरी से बचा जा सकता है। इलाज करने वाली टीम में डॉ.रंगनाथ टी.गंगा, डॉ.अजय बेहेरा, डॉ. प्रवीण दुबे और डॉ.राहुल चक्रवर्ती शामिल रहे। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. चंदन डे और डॉ. शमा खान का सहयोग प्राप्त हुआ। रेडियोलॉजी विभाग ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। एम्स निदेशक ले.जनरल अशोक जिंदल ने पूरी टीम को चिकित्सकीय दक्षता के लिए बधाई दी।

### सालभर पहले बिरगांव निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर के लिए की प्लानिंग, विरोध देख बंद की फाइल

# रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग की सरगर्मी हुई तेज, गाड़ी मालिकों व निगम का मसौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में आरडीए ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के बाद व्यवस्था की कमान निगम को देने के बाद किनारा कर लिया। पार्षदों ने ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा के लिए जरूरी बजट जुटाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग ठेका चलाने के लिए शुल्क तय करने के साथ उसे मंजूरी दी। इसके बाद गाड़ी मालिकों और व्यापारियों ने पार्किंग शुल्क का खुला विरोध किया। इसके बाद निगम ने फाइल ही बंद कर दी। अब एक बार फिर पार्किंग के मसौदे को सुलझाने की तैयारी है।

बिलासपुर नेशनल हाईवे से सटे रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने का काम रायपुर विकास प्राधिकरण ने किया। करीब दो साल पहले व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी बिरगांव निगम को दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर में 6 जगह बड़े व दो छोटे पार्किंग स्पेस होने के बाद भी भारी वाहन जहां-तहां पार्किंग के चलते अव्यवस्था की स्थिति है। इसमें सुधार के लिए निगम द्वारा सामान्य सभा में लाए गए पार्किंग शुल्क लेने के प्रस्ताव को 2024 में ही वार्ड प्रतिनिधियों ने सहमति दी। जो शुल्क तय किया गया वह अभी लागू नहीं किया गया है।इस मामले को लेकर साल 2025 में सामान्य सभा और बजट सत्र के बीच प्रतिनिधियों ने ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग का मसला उठाया था। इसे देखते हुए अब निगम प्रशासन ने पार्किंग के मसौदे को सुलझाने के लिए मीटिंग करने की तैयारी में है।



### फैक्ट फाइल

| गाड़ी | 24 घंटे का पार्किंग चार्ज |
|---|---|
| ट्रैक्टर-मेटाडोर - | 150 |
| ट्रक 6 चक्का - | 200 |
| ट्रक 10-12 चक्का - | 250 |
| ट्रक 20 चक्का ट्राला- | 300 |

### गाड़ी मालिकों से चर्चा में बनाएंगे सहमति

निगम के पास आय को कोई पुख्ता साधन नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर का मेंटेनेंस पार्किंग ठेका से होने वाली आय से संभव है। इसे देखते हुए वार्ड प्रतिनिधियों के निर्णय और सहमति को लेकर गाड़ी मालिकों से चर्चा करके सहमति बनाई जाएगी।

**- नंदलाल देवांगन, महापौर, नगर निगम, बिरगांव**

### इस कारण प्रस्ताव को मिली थी मंजूरी

सूत्रों ने बताया कि बिरगांव निगम ने पार्किंग ठेका तय करने से पहले तीन महीने खुद पार्किंग चलाने की सहमति दी। इससे होने वाली आय से पार्किंग में जरूरी सुविधा देने का प्रावधान किया गया। इसके बाद टेंडर के माध्यम से पार्किंग ठेका किसी एजेंसी को देने का निर्णय लिया गया। पार्किंग से होने वाली कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में जरूरी काम करवाना तय किया। इस मुद्दे के हर पहलू पर चर्चा के बाद सामान्य सभा में सहमति बनी, ताकि ट्रांसपोर्ट नगर में सफाई, बिजली, पानी, सुरक्षा इंतजाम किया जा सके।

### वर्तमान में सफाई सुरक्षा बड़ी चुनौती

ट्रांसपोर्ट नगर में अभी पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह होने के बाद भी कोई व्यवस्था लागू नहीं है। इससे गाड़ियों की पार्किंग जहां-तहां की जा रही है। इससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बारिश के मौसम में भी स्ट्रीट लाइट का पर्याप्त इंतजाम ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्टरों को नहीं मिल रहा है। इससे जहां अव्यवस्था की स्थिति है, वहीं निगम के पास वहां की सफाई और जरूरी मेंटेनेंस के लिए मैन पावर का भी अभाव है। इसे देखते हुए निगम पार्किंग का नया विकल्प तलाश रहा है।


# पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी पर साइबर अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों को साइबर सुरक्षा देने वाली पुलिस की साइबर विंग के इंस्टाग्राम पेज पर गुरुवार को अटैक कर अश्लील सामग्री परोस कर पुलिस को परेशान कर दिया।हालांकि पुलिस ने एक घंटे के भीतर सिस्टम को रिकवर कर लिया। पोस्ट में हैकरों ने एलन मस्क तथा एक लड़की को दिखाया है। पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक होने की घटना शाम पांच बजे के करीब हुई थी।

- हैकरों ने अश्लील सामग्री परोस कर पुलिस को किया परेशान

जानकारी के मुताबिक पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर अचानक एलन मस्क के साथ एक युवती का इंस्टाग्राम में वीडियो चलने लगा। पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर एलन मस्क तथा युवती का वीडियो देखकर फॉलोवर कुछ समझ नहीं पाए। फॉलोवर को लगा पुलिस कुछ मैसेज देना चाह रही है। बाद में फॉलोवर को पता चला की किसी ने पुलिस का इंस्टापेज हैक कर लिया है। इसी दौरान पुलिस को भी अपने इंस्टाग्राम पेज हैक होने की भनक लग गई। इंस्टाग्राम पेज हैक होने की जानकारी मिलने पर पुलिस के साइबर एक्सपर्ट ने किसी तरह पेज रिकवर कर पोस्ट को डिलीट किया और राहत की सांस ली।




### 80 हजार से ज्यादा फॉलोवर

रायपुर पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी में 80 हजार फॉलोअर्स हैं। पेज हैक होने पर फॉलोअर्स के अलग-अलग तरह के कमेंट आने लगे। एक यूजर ने लिखा कि सक्सेसफुली आईडी हैक। दूसरे यूजर ने लिखा कि साइबर क्राइम को पकड़ने में रायपुर पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक हो गई। एक यूजर ने लिखा कि पुलिस का ही सर्वर हैक हो गया। कई अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने भी कॉमेंट्स में अलग-अलग तरह की टिप्पणी की है। इसके साथ ही अलग-अलग इमोजी भी रिएक्शन के साथ पोस्ट कर पुलिस की मजाक बनाने लगे।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'हमर छत्तीसगढ़ रियल्टर्स मीट' का भव्य आयोजन आज

**रायपुर।** रीयल एस्टेट क्षेत्र में नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने आज होटल हयात में 'हमर छत्तीसगढ़ रियल्टर्स मीट' का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स इंडिया, छत्तीसगढ़ रियल्टर्स एसोसिएशन एवं रायपुर रियल्टर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। कार्यक्रम अविनाश ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया है एवं इसे नया रायपुर विकास प्राधिकरण का विशेष सहयोग प्राप्त है। एनएआर इंडिया के मानद सचिव विकास अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर से 200 से अधिक प्रमुख रीयल एस्टेट प्रोफेशनल्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में नया रायपुर में निवेश की संभावनाओं पर विशेष प्रस्तुतियां, एनआरडीए अधिकारियों के साथ संवाद सत्र तथा टियर-2 और टियर-3 शहरों में लक्जरी रीयल एस्टेट सेगमेंट के अवसरों पर पैनल चर्चा शामिल है।



**नया रायपुर में निवेश को लेकर होगी खास चर्चा**

### तीन दिवसीय सूत्रा फैशन एग्जिबिशन आज से

sutraa
Indian Fashion Exhibition

**रायपुर।** सूत्रा-द इंडियन फैशन एग्ज़िबिशन : राखी और तीज एडिशन, 4, 5 और 6 जुलाई को बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित होने जा रही है, जिसमें भारत के 90 से अधिक डिजाइनर्स अपने आकर्षक और किफायती कलेक्शन के साथ मौजूद रहेंगे। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में पारंपरिक और आधुनिक फैशन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। प्रदर्शनी में मिलने वाले एक्सक्लूसिव डिस्काउंट्स, गिवअवेज और लेटेस्ट कलेक्शन की पहली झलक इसे और भी खास बनाएगी। एक ही छत के नीचे लहंगा, साड़ी, असली ज्वेलरी, फेस्टिव डेकोर और डेली लक्जरी आइटम्स मिलेंगे।

- राखी और तीज के लिए खास कलेक्शन

### बीआरडीएस रायपुर के 100+ छात्रों का राष्ट्रीय डिजाइन कॉलेजों में चयन

**रायपुर।** डिजाइन और आर्किटेक्चर की कोचिंग के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बीआरडीएस रायपुर ने एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। वर्ष 2024 और 2025 की प्रवेश परीक्षाओं में संस्थान के 100 से अधिक छात्रों का चयन देश के शीर्ष डिजाइन संस्थानों में हुआ है। संस्थान द्वारा जारी सूची में प्रमुख नाम हैं, पार्थ कुशवाहा, दुर्गेश कोडापी, मेघ हरिरामानी, अलीब शाह, कुशल मंत्री, नेहा कंसेरी, रौनक साहू, जान्हवी साहू, निरंजन तिवारी और श्रुति फाटी है।



Durgesh Kodapi, Megh Hariramani, Neha Kansari, Parth Kushwaha

बीआरडीएस के डायरेक्टर ने बताया कि ऑल इंडिया स्तर पर दुर्गेश कोडापी ने छठवीं रैंक हासिल की, जबकि स्वरा गायकवाड़ को 46वीं, प्रथमेश साहा को 117वीं, तनय प्रधान को 118वीं, मेघ हरिरामानी को 157वीं, अनुश्री सोनी को 197वीं, नेहा कंसेरी को 251वीं, वरुण सिन्हा को 319वीं और पार्थ कुशवाहा को 380वीं रैंक मिली। इसके अतिरिक्त, नाटा परीक्षा में आस्था अग्रवाल ने 200 में से 160 अंक प्राप्त किए और जेईई पेपर-2 में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टॉपर बनीं।

### आंजनेय विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में नवाचारी व्यावहारिक शिक्षा

**रायपुर।** अंजनेय विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ने व्यावहारिक शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने अकादमिक कार्यक्रमों की शुरुआत की है। हाल ही में विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित फिंगरप्रिंट विश्लेषण कार्यशाला ने छात्रों को अपराध जांच के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। इस कार्यशाला में नकली अपराध स्थलों का अनुकरण कर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में जांच के अनुभव से जोड़ा गया। बीएससी कंप्यूटर साइंस कार्यक्रम भी व्यावहारिकता को केंद्र में रखकर डिजाइन किया गया है। छात्र पायथन, डेटा स्ट्रक्चर, नेटवर्किंग, एआई और डीबीएमएस जैसे विषयों में प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। विभाग नियमित रूप से हैकथॉन, कोडिंग प्रतियोगिताएं और प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग को प्रोत्साहित करता है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, नैतिक हैकिंग और डेटा एनालिटिक्स पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही है।



### ग्रीन आर्मी से सहयोग लेकर अपेक्स बैंक पर्यावरण संरक्षण के लिए करेगा कार्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता ने नवा रायपुर स्थित मुख्यालय में ग्रीन आर्मी के पदाधिकारियों से मुलाकात की और साझा प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की पहल करने का संकल्प जताया। बैठक में श्री गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने प्रदेश के सभी पैक्स सोसाइटी से जुड़े किसानों और सहकारी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने सोसाइटी परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल व सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उन्होंने जल संरक्षण, तालाबों की स्वच्छता और वाटर हार्वेस्टिंग जैसी योजनाओं पर भी विशेष बल देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से परहेज करने की अपील भी की।



# मेडिकल कालेज ओके रिपोर्ट के लिए रिश्वत, रावतपुरा मेडिकल कालेज के चेयरमैन का नाम नामजद आरोपियों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेज का वार्षिक निरीक्षण कर ओके रिपोर्ट देने एनएमसी की टीम को रिश्वत देने के मामले में सीबीआई ने देश के अलग-अलग राज्यों में जो कार्रवाई की है, उस मामले में सीबीआई ने अब तक 35 डॉक्टरों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने जिन 35 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, उनमें छत्तीसगढ़ के श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर सहित आधा दर्जन डॉक्टर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

- देश के अलग-अलग राज्यों के मेडिकल कालेज सहित स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े 35 अफसर, डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर

सीबीआई ने रावतपुरा मेडिकल कालेज के जिन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, उनमें रावतपुरा मेडिकल कालेज का नाम शामिल है। इसके अलावा चेयरमैन, डायरेक्टर अतुल तिवारी, मेडिकल कालेज के डॉक्टर अतिन कुंडू, अकाउंटेट लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, संजय शुक्ला के नाम शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन लोगों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गठित वार्षिक निरीक्षण दल को रिश्वत देकर ओके रिपोर्ट हासिल करने की कोशिश की। ओके रिपोर्ट हासिल करने में सफल हो पाते, इसके पूर्व सीबीआई ने साजिश नाकाम करते हुए अपराध दर्ज कर रिश्वत देने तथा लेने वालों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी।


मान्यता के लिए घोस्ट फैकल्टी, नकली मरीज के साथ दिखाई फर्जी मौजूदगी, इसलिए धरे गए

### निरीक्षण टीम की जानकारी गोपनीय रहती है

चिकित्सा महाविद्यालयों की वार्षिक निरीक्षण करने जो टीम गठित की जाती है, वह गोपनीय रहती है। देश के अलग-अलग राज्यों के मेडिकल कालेज प्रबंधन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसरों के साथ साठ-गांठ कर गोपनीय टीम की जानकारी हासिल की। गोपनीय जानकारी लीक होने के बाद जिन कालेजों में व्यवस्था में कमी थी, उन लोगों ने रिश्वत के बल पर ओके रिपोर्ट हासिल करने साजिश की।

### जीरो इयर घोषित

*मेडिकल कालेज को वार्षिक निरीक्षण में ओके रिपोर्ट देने रिश्वत देने के खेल का पर्दाफाश होने के बाद रावतपुरा मेडिकल कालेज को वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए जीरो इयर घोषित कर दिया गया है। नए सत्र में मेडिकल कालेज के फर्स्ट इयर के छात्रों का दाखिला नहीं हो पाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के नार्म्स पूरा होने के बाद अगले वर्ष के फर्स्ट इयर के लिए एडमिशन संभव हो पाएगा। अर्थात इस वर्ष के लिए प्रथम इयर के छात्रों के लिए मान्यता शिथिल कर दी गई है।*

### अपात्र को पात्र बताने की साजिश

*मेडिकल कालेज के लिए गठित निरीक्षण टीम देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित सरकारी के साथ गैर सरकारी मेडिकल कालेज का हर वर्ष वार्षिक निरीक्षण करने जाती है। निरीक्षण के बाद कालेजों में इन्फ्रास्ट्रक्चर देखने के साथ ही अन्य व्यवस्था की मौके पर जानकारी हासिल करती है। इसके बाद सीट बढ़ाने के साथ कालेज को नए सिरे से मान्यता देती है। सूत्रों के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में कमी के साथ अन्य सुविधाओं में कमी होने की वजह से रावतपुरा मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा निरीक्षण टीम को रिश्वत दी गई थी।*

# सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी जांच कराने आयुक्त को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार के साथ ही लोगों की सुविधा के लिए सड़क निर्माण में गड़बड़ी की गई है। यह आरोप लगाते हुए निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने गुरुवार को निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा को ज्ञापन दिया है। उन्होंने वार्डों में गुणवत्ताहीन सड़कों का निर्माण करवाने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए भी मांग की है।

निगम आयुक्त से निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए निर्माण की जांच और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में जिक्र किया है कि वार्डों में पाइप लाइन बिछाने के बाद जिन सड़कों को बनवाया गया, उनमें भी गुणवत्ता का पालन नहीं किया है। इससे बुधवारी बाजार से हनुमान मंदिर और प्राथमिक विद्यालय मार्ग ही नहीं, बल्कि वार्ड में बनवाई गई कई सड़कें उखड़ने लगी हैं। रेत-गिट्टी की मात्रा ज्यादा होने से पहली बारिश में ही सड़कों को बनाने में की गई गड़बड़ी सामने आने लगी है। इसे देखते हुए वार्ड की कई सड़कों की जांच करवाने के लिए आयुक्त को ज्ञापन दिया है।







हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## महादेवघाट पर नौका विहार का लुत्फ

बारिश जैसे जैसे जोर पकड़ रही है, खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है।उफनती नदी की अपार जलराशि निहारने और लहरों के ऊपर नाव पर सवार होकर रोमांच को खूब एंजॉय कर रहे हैं। वहीं घाट पर लगे फूड स्टॉल पर गरमागरम चाट, पकौड़े, भुने हुए भुट्टे का स्वाद लेते नजर आते हैं। साथ ही अपने मोबाइल कैमरे से इन यादगार रैनी डे मौसम के सुहाने तस्वीर के फ्रेम में खुद को कैद कर रहे हैं। यहां पर फैमिली, युवा सभी वर्ग के लोग रैनी डे को एंजॉय करने पहुंच रहे हैं।

## सिटी इवेंट

### सीएसपीजीसीएल में स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस के पदों पर निकली भर्ती




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की ओर से अप्रेंटिस की भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। सीएसपीजीसीएल की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी। सीएसपीजीसीएल की ओर से कुल 70 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें स्नातक अप्रेंटिस के 42 पद और डिप्लोमा अप्रेंटिस के 28 पद रिक्त है। यदि आप भी सीएसपीजीसीएल में बतौर अप्रेंटिस के रूप में काम करना चाहते हैं, तो आप ऑफलाइन माध्यम से 21 जुलाई, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट cspdcl.co.in भी विजिट कर सकते हैं। स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस का चयन अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंक और साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवारों के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। बता दें, फाइनल मेरिट लिस्ट कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट cspdcl.co.in पर प्रकाशित की जाएगी।

सीएसपीजीसीएल की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी। इससे जो स्टेट पॉवर कंपनी में रोजगार के सपने देख रहे युवाओं के लिए खुशी खबर है। जल्द ही आवेदन प्रक्रिया के साथ परीक्षा संपन्न होते ही मैरिट सूची की बेसब्री से प्रतिभागी युवाओं को इंतजार रहेगा।

#### यह शैक्षणिक योग्यता

स्नातक अप्रेंटिस के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आपके पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, डिप्लोमा अप्रेंटिस के पद पर आवेदन करने के लिए आपके पास राज्य के किसी तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा होना चाहिए। सीएसपीजीसीएल में अप्रेंटिसशिप के दौरान चयनित उम्मीदवारों को स्टाइपेंड की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। स्नातक अप्रेंटिस के पद पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 9000 रुपए और डिप्लोमा अप्रेंटिस के पद पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 8,000 रुपए स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा।

खारुन नदी स्थित महादेवघाट, मरीन ड्राइव, चौक-चौराहों की टी-स्टॉल, चौपाटी पर सुबह से देर शाम तक एंजॉय

# नदी-तालाब किनारे सैर सपाटा-नौकायन, लेमन स्वीट कार्न के साथ फर्स्ट रैनी डे की लाइव मेमोरी कैमरे में कैद

बारिश के मौसम का मजा फुर्सत के पल हो या न हों, ऑफिस दफ्तर के लिए निकलते, स्कूल-कॉलेज आते-जाते बच्चे, बड़े, युवा सभी उठाते हैं। ऐसे ही गुरुवार की सुबह से ही दोपहर तक रिमझिम बारिश चलती रही। इस बीच स्कूली बच्चे रंगबिरंगी छतरी व रेनकोट पहने स्कूल जाते दिखे। वहीं शहर के चौक-चौराहों और स्पॉट्स पर लोग कई तरह से गरमागरम पकवानों का मजा लेते दिखे। इसमें चाय, पकौड़े, भुट्टे और समोसे की दुकानों पर भीड़ लगी रही।

लोग बारिश का मजा लेते हुए इन चीजों का लुत्फ उठाते दिखे। दिन के सेकंड हाफ से महादेवघाट नदी घाट, मरीन ड्राइव तालाब, आसपास की हरियाली को निहारने आउटडोर सैरसपाटा करने निकले। वहीं कई लोग सड़क किनारे घूमना कई लोग बारिश में छाता या रेनकोट पहनकर बस यूं ही चहलकदमी करते, ताजी हवा और बूंदाबांदी का आनंद लेते रहे। गौरतलब है कि बारिश के मौसम में बच्चों की मस्ती, अक्सर पानी के गड्ढों में कूदते और खेलते हुए दिखते हैं या फिर कागज़ की नाव तैराते हैं।

**रायपुर।** तस्वीरें लेना बारिश के बाद की हरियाली और धुले-धुले नजारों की तस्वीरें लेना भी लोगों को खूब पसंद आता है। दोस्तों के साथ गपशप करते कुछ लोग, छज्जों या दुकानों के नीचे खड़े होकर दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की बातचीत और हंसी-मजाक में समय बिताते हैं। ऐसा ही नजारा शहर में चारों तरफ देखने को मिला, जहां लोगों ने फर्स्ट रैनी डे को खूब एंजॉय किया।





### रंगबिरंगी छतरी लेकर स्कूल जाते दिखे बच्चे

सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के चलते स्कूली बच्चे पैरेंट्स के साथ रंगबिरंगी छतरी, रेनकोट पहनकर स्कूल रवाना हुए। इसके अलावा ऑफिस दफ्तर जाने वाले लोग भी रेनकोट के सहारे ही अपने-अपने कार्यक्षेत्र तक पहुंचे। स्कूल बस, वैन से स्कूल रवाना होने वाले बच्चे बस की विंडों के ग्लास पर पड़ी बारिश की बूंदों से उंगलियों से रेखाएं खींचते अंदर से खेलते दिखे। इस तरह स्कूली बच्चे स्कूल से आते-जाते रैनी मौसम को खूब एंजॉय करते नजर आए।

### मरीन ड्राइव तालाब किनारे बैठ चाय की चुस्की

शहर के प्रमुख आउटडोर आउटिंग स्पॉट मरीन ड्राइव पर सवेरे और शाम दोनों वक्त बड़ी संख्या में लोग तालाब किनारे रैनी डे को एंजॉय करते नजर आए। लोग तालाब किनारे घूम-घूमकर सिगड़ी केतली में चाय बेचने वाले वेंडर्स के पास से चाय की चुस्की के साथ नम मौसम में खुद को गर्माहट व रिफ्रेशमेंट करते दिखे। लोग रिमझिम बारिश में सुबह-सुबह रेनकोट, छतरी के साथ मॉर्निंग वॉक करते दिखे तो कुछ तालाब के आसपास के नजारे को दोस्तों के साथ एंजॉय करते दिखे।



# फैशन प्रदर्शनी में सोलह श्रृंगार राखियों का आकर्षक कलेक्शन



**रायपुर।** श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा फैशन एरा लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का शुभारंभ समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन में हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों से लाई गई डिजाइनर राखियां, सावन थीम पर आधारित साड़ियां, श्रृंगार सामग्री और भगवान के नए वस्त्र आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भारी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की वस्तुएं उपलब्ध हैं, जिससे हर वर्ग के लोगों को अपनी पसंद की चीजें मिल रही हैं।

युवाओं की रुचि को देखते हुए नवीन फैशन ट्रेंड से जुड़े परिधान भी प्रदर्शनी में शामिल किए गए हैं। डिजाइनर युवाओं द्वारा इन परिधानों की जानकारी भी दी जा रही है। राखियों की बिक्री सबसे अधिक हो रही है, वहीं परिधानों में सावन विशेष रंग और डिजाइन लोगों की पहली पसंद बनी हुई है।

### स्वावलंबी महिलाओं को मिला मंच

अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राजश्री अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा पिछले 28 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है, जिससे संग्रहित होने वाली धन राशि को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में खर्च किया जाता है। समिति द्वारा अब तक कन्याओं की शादी, गरीब को मेडिकल सेवा, रक्त दान शिविर सहित प्रशिक्षण केंद्र का आयोजन निरंतर जारी है। इसके साथ ही लघु उद्योग संचालित करने वाली स्वावलंबी महिलाओं को मंच देने के उद्देश्य से यह आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से बिंदिया अग्रवाल, विजिया अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सुमन बंग, आशा अग्रवाल, खुशबू केडिया, निधि सरावगी, स्वाति सरावगी, जुशी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल उपस्थित रहे।

# एचओडी डॉ. नेरल की सेवानिवृत्ति पर मेडिकल कॉलेज में विदाई समारोह



**रायपुर।** महाविद्यालय और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में रखा गया। इस अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथालॉजी विभाग में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। डॉ. नेरल ने बताया कि महाविद्यालय में 41 वर्ष का लंबा सफर तय किया है। इस कार्यकाल में 30 वर्षों से अधिक वक्त विभागाध्यक्ष के रूप में तय किया। इस दौरान रक्तदान, एड्स जागरूकता शिविर, कोविड-19 जैसे महामारी में भी जनसेवा से संबंधित कार्य किए।

### पुरानी यादों से तैयार वीडियो देख भावुक हुए सदस्य

विदाई समारोह में महाविद्यालय से डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि डॉ. नेरल ने अपने लंबे सेवाकाल में शिक्षा, चिकित्सा एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इन्होंने सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी सरहानिय कार्यों को बढ़ावा दिया है। विदाई समारोह के दौरान 'कभी अलविदा ना कहना' के नाम से यादगार वीडियो तैयार किया गया, जिसमें डॉ. नेरल के अब तक के सफर को दिखाया गया। यह वीडियो पुरानी यादों के साथ भावुक करने वाला रहा। इस मौके पर पैथालॉजी विभाग की सह-प्राध्यापक डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. देवप्रिया लकरा, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. जया लालवानी, डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. ओंकार खण्डवाल, डॉ. आकाश लालवानी और डॉ. विजय कापसे उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

### आर्थिक तंगी न बने रुकावट निजी स्कूलों ने उठाया जिम्मा



**रायपुर।** सरकारी स्कूल के बच्चे आर्थिक तंगी के कारण बेहतर शिक्षा से वंचित न रह जाएं, इसका जिम्मा निजी स्कूलों ने उठाया है। आर्थिक रूप से कमजोर और मजदूर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कराने का दायित्व शहर के कई विद्यालयों ने लिया है, जिसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को पाठ्यक्रमों के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां छात्रों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था के साथ किताबें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन और अन्य शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्कूल प्रबंधकों के अनुसार, बच्चों के कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूल फीस भी माफ की जा रही है, ताकि बेहतर शिक्षा से बच्चे वंचित न रहें।

#### 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को निशुल्क प्रशिक्षण

शिवानी स्मृति सेवा संस्थान से मुकेश शाह ने बताया कि बीते 4 वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजाना शाम 6-7 बजे 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को पढ़ाया जाता है। इनमें हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूल के छात्रों को शामिल किया जाता है, जहां 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों को गणित और 11वीं और 12वीं को कॉमर्स पढ़ाया जा रहा है। समय-समय पर बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं सभी विषयों के लिए विशेषज्ञों को भी बुलाया जाता है। यह प्रशिक्षण पुरानी बस्ती स्थित छत्रपति शिवाजी स्कूल में दिया जा रहा है।

#### फ्री एजुकेशन के साथ अन्य खर्च भी स्कूल कर रहा

कल्याण पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेश सक्सेना ने बताया कि हर साल आर्थिक रूप से कमजोर 10-12 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है, जहां स्कूल बैग, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, प्रमुख किताबें और जूते निशुल्क दिए जाते हैं। बीते 28 सालों में अबत क लगभग 300 से ज्यादा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी है, जिनकी पढ़ाई का खर्च पूर्ण रूप से विद्यालय करता है। टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल से प्रेम साहू ने बताया कि स्कूल में कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है, जो पूर्ण रूप से निशुल्क होता है। वहीं हर वर्ष 5-10 बच्चों को निशुल्क स्कूल में शिक्षा दी जा रही है। यह कार्य बच्चों के कौशल विकास को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

## कार्नर न्यूज

बाजार में हजार रुपए किलो में खरीद रहे शहरवासी

# बारिश में भाया देसी मशरूम का स्वाद, 1500 तक पहुंचे दाम, शौकीनों की वजह से बढ़ रही डिमांड



**रायपुर।** मानसून सक्रिय होते ही बाजार में मौसमी सब्जियां लोगों को खूब भा रही हैं। खासतौर पर बारिश में मिलने वाला देसी मशरूम इन दिनों शहर के सब्जी बाजारों अधिक खरीदा जा रहा है। शहडोल, बस्तर और कांकेर आदि इलाकों के जंगलों से लाए गए मशरूम की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। शास्त्री मार्केट, लोधीपारा चौक और भाठागांव मार्केट में सरई बोड़ा, पैरा और खुखड़ी प्रजातियों के मशरूम पसंद किए जा रहे। लोग भी इसे बड़े चाव से खरीद रहे हैं। फिलहाल इनकी कीमत 1000 से 1500 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। किसानों का कहना है कि सावन में बारिश तेज होने के साथ ही मांग भी और बढ़ेगी, जिससे दामों में और इजाफा संभव है। ऐसे जंगली मशरूम का स्वाद मटन जैसा माना जाता है और यह सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होता है। जुलाई के मध्य तक बाजार में और भी किस्म के मशरूम आने की संभावना है, जिससे स्वाद के शौकीनों को और विकल्प मिलेंगे।



### मार्ट में बिक रहा पैक मशरूम, कीमत बाजार से ज्यादा

शास्त्री मार्केट में मशरूम की बिक्री इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। दुकानदार संचालक ऊषा ने बताया कि सरई बोड़ा, पैरा और खुखड़ी जैसे देसी मशरूम आमतौर पर जुलाई महीने में बाजार में उपलब्ध होते हैं। फिलहाल इनकी कीमत 500 से लेकर 1000 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे सावन नजदीक आएगा, मशरूम की कीमतों में और बढ़ोतरी संभव है। बाजार के साथ-साथ अब शहर के मार्ट में भी मशरूम पैकिंग पैकेट में बेचे जा रहे हैं। ये पैकेट में बिकने वाले मशरूम दूसरे राज्यों से मंगाए जा रहे हैं और इनकी कीमत स्थानीय बाजार के मुकाबले अधिक है। पैकेट पर उत्पाद से संबंधित जानकारी दी गई होती है, जिससे ग्राहक को इसकी पहचान और गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है।



### ऐसे मशरूम से बनाएं दूरी

बायोटेक लैब के वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले चटक रंगों जैसे लाल, नीला, पीला, हरा, बैंगनी और नारंगी के प्राकृतिक मशरूम का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे रंग आमतौर पर मशरूम में पाए जाने वाले विषैले एल्केलॉयड्स की उपस्थिति का संकेत देते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी खुखड़ी से तीखी अमोनिया जैसी या सड़ी हुई गंध आ रही हो तो उसे बिल्कुल भी न खाएं, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है। इसी तरह यदि खुखड़ी से चिपचिपा पदार्थ या पानी की बूंदें निकल रही हों तो भी इसका सेवन भी नहीं करना चाहिए। यदि खुखड़ी के तने या छतरी के पास रिंग्स, छल्ले बने हों तो उसमें एल्केलॉयड्स होने की संभावना अधिक होती है। अगर किसी मशरूम की छतरी सपाट या चपटी हो, तो उसका सेवन नहीं करना चाहिए।

धर्म लाइव

## चातुर्मास में 500 श्रवण यंत्र और 200 नग बीपी-शुगर टेस्टिंग मशीन करेंगे वितरित



**रायपुर।** जैन संवेदना ट्रस्ट इस वर्ष जीवदया, मानव कल्याण व साधर्मिक भक्ति का चातुर्मास मनाएगा। महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि जियो और जीने दो का भगवान महावीर स्वामी ने मूलमंत्र विश्व को दिया है। चातुर्मास काल में दया, करुणा, अहिंसा, भाईचारा के गुणों का हमारे जीवन में विकास होना चाहिए। जैन संवेदना ट्रस्ट चातुर्मास में मूक जीवों, पशु-पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत, मूक-बधिर, अस्थि बाधित दिव्यांगों को श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी का वितरण करेंगे। वहीं साधर्मिक भाई-बहनों को बीपी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निशुल्क वितरण किया जाएगा, ताकि बेहतर स्वास्थ्य के साथ मानव कल्याण में साधर्मिक भाई-बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यावसायिक उत्थान व विवाह योजना पर कार्य करेंगे। जैन चातुर्मास में गुरु भगवंतों के मंगल प्रवेश अवसर पर जैन संवेदना ट्रस्ट ने गुरुवार से मानव सेवा साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा प्रकल्प का आरंभ किया है। जीवनभर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है। इस वक्त श्रवण यंत्र ही बड़ा सहारा होते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक-बधिर का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जाता है। ट्रस्ट के गुलाब दस्सानी ने बताया कि 3 बच्चों में देवकी को जन्म से सुनाई नहीं देता था, डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यंत्र लगाकर देवकी सुन सकती है। आज श्रवण यंत्र लगाकर चारों बच्चे सुनने लगे हैं। सभी के माता-पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है।

### 23 दिव्यांगों को श्रवण यंत्र वितरित

ऋषभदेव जैन मंदिर प्रांगण में 23 दिव्यांगों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है। जैन संवेदना ट्रस्ट के चंद्रेश शाह व महावीर कोचर ने बताया कि चातुर्मास में 500 बुजुर्गों व बच्चों को श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, बैशाखियों का वितरण व 200 साधर्मिक परिवारों को बीपी-शुगर मशीनों का सहयोग किया जाएगा।

● शहर में अमरनाथ धाम और बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा में सहयोग करने वाली संस्थाएं कर रहीं पहल

# बाबा बर्फानी के दर्शन करने रोज 130 श्रद्धालुओं को यात्रा परमिट, बैजनाथ धाम रवाना होगा जत्था

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर स्थित बाबा अमरनाथ धाम की यात्रा इस बार 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाली है। इसमें देश-दुनिया से हजारों की तादाद में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए जाते हैं। वहां की स्थिति और हालात चाहे जैसे भी हों, भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़े इस धाम में श्रद्धालुओं का तांता हर साल लगता है। रायपुर से इस बार भी पहलगाम या बालटाल रूट से शिव शक्ति के प्रतीक बाबा बर्फानी की एक झलक पाने होड़ मची है। सुरक्षा से जुड़ी तमाम दिक्कतों के बावजूद लोग दर्शन के लिए 38 दिनों तक मिलने वाले पुण्यलाभ के लिए यात्रा परमिट की प्रक्रिया करा चुके हैं। रायपुर से 130 श्रद्धालु रोज रवाना होते हैं। यात्रा का अनुभव रखने वाले लोग नए यात्रियों को लेकर हर साल सहयोग की भावना से जाते हैं।

*सनातन धर्मानुरागी आस्था से जुड़े किसी भी तीर्थस्थल की यात्रा से नहीं चूकते। यात्रा चाहे जितनी कठिन हो, लोगों की आस्था सर्वोपरी है। इसे सम्मान देते हुए शहर में युवाओं के ऐसे कई ग्रुप व संस्थाएं हैं, जो धार्मिक यात्रा करने वालों का सहयोग करती हैं। इस साल बाबा बर्फानी के दर्शन करने रायपुर से रोज 130 श्रद्धालुओं को यात्रा परमिट मिला है। इस बार यात्रा का अवसर सिर्फ 38 दिन ही मिलने से इस सीजन का कोटा पूरा हो गया है। वहीं सावन लगते ही 12 जुलाई को पहला जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना होगा।*

### गर्म कपड़े सहेजने की देते हैं सलाह

*रायपुर से अमरनाथ धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को सहयोग देने वाले प्रणय तिवारी ने बताया कि सेहत का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। ठंड से बचने के लिए वॉटरप्रूफ और गर्म कपड़े, ऊनी कपड़े, जैकेट, दस्ताने और स्कार्फ रवाना होने से पहले सहेजने के लिए कहा जाता है। बर्फीली ठंड और उच्चतम ऊंचाई पर यात्रा के बीच स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होने पर पेनकिलर, बैंडेज के साथ ही जुकाम, बुखार या सिरदर्द के लिए दवाइयां रखते हैं। किसी की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर वहां बनाए गए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचाते हैं।*



### अलग-अलग रूट के लिए परमिट

श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव और कार्यकारी अध्यक्ष प्रणय तिवारी के बताया कि पहला जत्था 1 जुलाई को जम्मू-तवी एक्सप्रेस से रवाना हुआ है। इसमें 115 श्रद्धालुओं का दल शामिल है। इस बार भी प्रदेश के पांच सौ से ज्यादा यात्रियों को सहयोग देने का निर्णय लिया है। आगे बताया कि अमरनाथ गुफा के दर्शन करने दो अलग-अलग रास्ते हैं। पहलगाम मार्ग से होते हुए श्रद्धालुओं को 32 किलोमीटर चढ़ाई वाले मार्ग की यात्रा करनी होती है। इसके लिए रायपुर से 65 लोगों को रोज यात्रा परमिट जारी किया जाता है। वहीं बालटाल रूट से अमरनाथ तक यात्रा के लिए 13 किमी चढ़ाई करनी होती है। इस रूट से यात्रा के लिए भी रायपुर से 65 लोगों को इस बार परमिट मिला है।

### बैजनाथ के लिए रवाना होंगे 90 श्रद्धालु

बोल बम समिति के संस्थापक प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने बताया कि इस बार बाबा बैजनाथ धाम के लिए यात्रा का शुभारंभ 12 जुलाई को किया जाएगा। यात्रा शुरू करने से तीन दिन पहले इच्छुक भक्तों से सहमति लेने के बाद समिति द्वारा टिकट बुक किया जाता है। जो श्रद्धालु आर्थिक दिक्कतों के चलते ट्रेन का किराया नहीं दे पाते, उन्हें भी धार्मिक यात्रा का हिस्सा बनाया जाता है। इस सावन में श्रद्धालुओं के पहले जत्थे में 90 लोगों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए जिन लोगों ने बाबा धाम जाने के लिए पूर्व में सूचना दी है, उन्हें प्राथमिकता में रखा जाता है। साथ ही रास्ते में किसी भी तरह का सहयोग देने के लिए भोला सिंह और रमेश शर्मा की अगवानी में युवाओं की टीम सहयोग देती है।



### शिवजी ने माता पार्वती को सुनाया था प्रसंग..

भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि पुराणों में प्रसंग का जिक्र मिलता है कि भगवान शिव माता पार्वती को अमरत्व की कहानी सुनाने के लिए अमरनाथ गुफा में लेकर गए थे। भगवान शिव जब माता पार्वती को अमरत्व के बारे में बता रहे थे, उसी दौरान माता पार्वती को नींद आ गई। इस दौरान गुफा में मौजूद कबूतरों के एक जोड़े ने भगवान शिव से महिमा को जाना। भगवान को ऐसा न लगे कि माता पार्वती उनकी बात नहीं सुन रही, इस लिहाज से कबूतर लगातार आवाज निकाल रहे थे। इससे शिवजी को लगा कि पार्वती कहानी सुन रही हैं।

सिटी लाइव

## शिव महापुराण कथा का श्रवण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रायपुर।** अमलेश्वरडीह में पांच दिवसीय शिव महापुराण के आज चौथे दिन भगवान शिव और माता पार्वती विवाह प्रसंग हुआ। शिव महापुराण कथास्थल पर पं. कामता प्रसाद शरण के श्रीमुख से भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग की कथा वाचन का अमृतपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अमलेश्वरडीही के कबीर चौक में चले रही शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन गुरुवार को जोरदार भीड़ रही। श्रद्धालु पंडाल के बाहर भी बैठकर शिव महापुराण कथा का आनंद लेते दिखाई दिए। चौथे दिन कथा प्रसंग में पं. कामता प्रसाद शरण ने भगवान शिव और माता पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान शिव की बारात में देवताओं के अलावा राक्षस और जीव-जंतुओं सहित भगवान शिव की बारात निकली, बारात जैसे ही माता पार्वती के द्वार पहुंची, लोग आश्चर्यचकित रह गए। देवी-देवताओं के अलावा राक्षस, जीव-जंतु, सांप, हाथी, घोड़े, गाय सभी भगवान शिव की बारात में शामिल रहे। इस सुंदर प्रसंग का पं. कामता प्रसाद शरण ने बहुत ही सरल शब्दों में वर्णन किया। इस प्रसंग में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए और भगवान शिव और माता पार्वती विवाह की कथा को बड़ी श्रद्धा और तन मन से श्रवण किया।



### आयोजन समिति के सदस्यों की सराहनीय पहल

आयोजक समिति में उमेश साहू नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, भागी साहू, गिरजानंद साहू , गिरधर साहू ग्राम समाज कोषाध्यक्ष, तुलाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष, डोमन यादव पार्षद, चैन सिंह साहू, ग्राम समाज अध्यक्ष, संतराम साहू, महेश यादव, हुकुमचंद साहू, बलदाऊ साहू, लखन साहू और और कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उनके बैठने की व्यवस्था बनाते हुए नजर आए।

# चातुर्मास में घोड़ा-पालकी, बैंड-बाजे के साथ मंगल प्रवेश, शाही ठाठ से निकली शोभायात्रा





**रायपुर।** चातुर्मास बिताने के लिए उपाध्याय प्रवर मनीष सागरजी महाराज व उनके शिष्यों ने गुरुवार को विवेकानंद नगर में मंगल प्रवेश किया। इसके लिए उन्होंने सुबह 7.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से विहार किया। साथ में आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी , तीर्थ प्रेम विजयजी, साध्वीश्री हंसकीर्ति समेत 10 से ज्यादा श्वेत वस्त्र पहने साधु-साध्वियां थे। आगे पचरंगी पताकाएं, घोड़ा-पालकी और बैंड-बाजे थे। सिर पर कलश लिए महिलाओं के साथ पूरा समाज पीछे चल रहा था। सुबह रिमझिम फुहारों के बीच शाही ठाठ से निकली इस शोभायात्रा की रौनक देखते ही बनती थी। सदर बाजार से निकली यह शोभायात्रा कोतवाली, महिला थाना चौक से बैरनबाजार होते हुए विवेकानंद नगर की ओर बढ़ी। विवेकानंद नगर पहुंचने पर संत समुदाय सबसे पहले भगवान संभवनाथ के दर्शन करने जिनालय गए। इनमें चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर बैदमुथा, कार्यकारी अध्यक्ष पुखराज मुणोत, विजय कांकरिया, पीआर गोलछा, सुपारसचंद गोलछा, सुरेश बरड़िया, नरेश बैदमुथा आदि प्रमुख रहे।

### 9 जुलाई से आम्रपाली में पहला चातुर्मास

दीक्षा धर्म के महानायक अध्यात्म सम्राट विजय योगतिलक सुरीश्वरजी महाराजा के सुशिष्य पूज्य शोभनतिलक विजयजी एवं साध्वीश्री आहतदर्शिता श्रीजी की निश्रा में 14 पूर्व तप, 28 लब्धि तप, एवं अक्षय निधि आदि तप होंगे। श्री शांति कल्याण चातुर्मास समिति आम्रपाली द्वारा 9 जुलाई से भव्य चातुर्मास प्रारंभ होने जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मल्लिचंद बैद ने बताया कि चातुर्मास मंगल प्रवेश 4 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे श्री विमलनाथ मंदिर भैरव सोसाइटी से आम्रपाली सोसायटी में होगा। समिति के उपाध्यक्ष अशोक सुराना ने बताया की चातुर्मास संबंधी सारी तैयारियां जोर-जोर से चल रही हैं। लगभग 8000 स्क्वायर फीट में भव्य प्रवचन, भोजन शाला एवं अध्यात्म शाला की व्यवस्था की गई है। एक वर्ष पूर्व ही अभिनंदन स्वामी जिनालय की प्रतिष्ठा की गई। चातुर्मास समिति के सहसचिव अनिल बरड़िया ने बताया, चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7.30 से 8.30 बजे तक स्वाध्याय एवं प्रातः 9 बजे से 10 बजे जैन महाभारत पर आधारित प्रवचनरात्रि 8 बजे धर्म चर्चा एवं प्रत्येक रविवार को बच्चों का अध्यात्म शाला होगी।

## राम-जानकी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले निकाली पालकी यात्रा



**रायपुर।** बोरियाखुर्द ढीमरपारा में राम-जानकी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चलते दूसरे दिन गुरुवार को भी सुबह से ही पूजा-पाठ और हवन का सिलसिला शुरू हुआ। इसके चलते भक्तिमय माहौल बना। सुबह से महिलाएं अनुष्ठान को सफल बनाने और पालकी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए तैयारी में जुटी थी। वहीं आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित राम-जानकी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाते हुए पूजा विधान किया। पुरोहितों की अगवानी में सैकड़ों की तादाद हर वर्ग के लोग आयोजन का हिस्सा बने। प्राण प्रतिष्ठा से पहले ढीमर पारा स्थित मंदिर से शिव विहार और सास्वत विहार क्षेत्र में पालकी यात्रा के साथ हर वर्ग के लोग उत्साह से शामिल हुए।

### विधायक ने किया मंदिर का लोकार्पण

आयोजन के बारे में जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस मंदिर निर्माण से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। जिस क्षेत्र से भी पालकी यात्रा निकली, लोगों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग के साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई। प्राण प्रतिष्ठा का विधान महेन्द्र विश्वकर्मा एवं क्षेत्र के परिवारों ने किया। वहीं शाम को नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण करने के लिए विधायक मोतीलाल साहू पहुंचे। उन्होंने आस्था केंद्र में पूजा-अर्चना करने के बाद भगवान से आशीष लिया। भक्तिभाव से ओतप्रोत माहौल में भोग-प्रसादी वितरण में आसपास के युवाओं ने भी सहयोग किया।

# श्री महंत हरिदास त्यागी की 14वीं पुण्यतिथि पर भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**रायपुर।** बुद्धेश्वर मंदिर स्थित श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर में देवलोकवासी महंत हरिदास त्यागीजी की 14वीं पुण्यतिथि आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रायपुर शहर के विभिन्न मंदिरों और मठों के महंतों एवं पुजारियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रसाद ग्रहण किया।





### समिति के सदस्यों की रही भागीदारी

इस पुण्य अवसर पर विरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास, गोपाल मंदिर के महंत गोपाल शरण दास, गोपीदास मंदिर के महंत राजीव शरण, राम मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शास्त्री सहित अनेक श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी राजेश तिवारी एवं कामेश तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों एवं सेवकों ने विशेष सहयोग दिया।

### हजारों लोगों ने भंडारे में किया भोजन

मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना भी संपन्न हुई। दोपहर को भंडारे का क्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रमुख रूप से प्रशांत पांडे, भारत पांडे, ओम शुक्ला, कृष्ण बिहारी अग्रवाल सहित अन्य सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुण्यतिथि पर आयोजित इस सामूहिक प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन सफल एवं भावपूर्ण रहा।




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
Register Now at www.rpsraipur.com
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Paaras Institute of Education
www.paarasinstitute.com
Admission Open
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
- DCA
- PGDCA
- CCA
- Graphic Designing
- Advance Excel
- Typing Classes
DCA
PGDCA
Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur
Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar
contact no.- 9111348886, 7879008105

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को कई पदक



**रायपुर।** नागपुर में 26 जून से 29 जून 2025 तक आयोजित 10वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। इसमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि के पीछे टीम के कोच एवं सचिव भूपेंद्र कुमार प्रसाद का उचित मार्गदर्शन व उनकी रणनीति शामिल है। मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से हेमंत खुटे ने बताया कि इससे पूर्व प्रदेश की टीम ने गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में भी शानदार प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 5 पदक जीतकर प्रदेश का को गौरवान्वित की थी। छत्तीसगढ़ मिनी गोल्फ टीम इस बार शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न श्रेणियों में कई पदक प्रदेश के नाम करने में कामयाब रही। जिसमें पुरुषों की स्ट्रोक टीम से नीलसागर पटेल, मेहुल कुमार साहू, अंशुमान शर्मा, संजीव नायक, हर्षवर्धन पटेल और सोमेश पटेल ने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। वहीं महिलाओं की स्ट्रोक टीम ने भी कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस टीम में वंदना मिंज, सीमा यादव, तेजेश्वरी नायक, ओमिका लाकड़ा, नेहा दीवान व एंगल पटेल शामिल थी। ज्ञात हो कि नीलसागर पटेल और मेहुल कुमार साहू की युगल जोड़ी ने शानदार सफलता अर्जित कर प्रदेश की टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। एकल इवेंट स्ट्रोक में सीमा यादव ने रजत पदक जीता। इसी तरह से महिला स्पीड मिनी गोल्फ़ टीम ने कांस्य भी कांस्य पदक हासिल किया। जिसमें सीमा यादव, वंदना मिंज, नेहा दीवान, चैन कुमारी निषाद, मनुप्रिया खेमका और लीजा नायक शामिल थीं। महिला वर्ग की युगल जोड़ी में चैन कुमारी निषाद व मनु प्रिया खेमका ने डबल स्ट्रोक इवेंट में प्रदेश की टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। एकल इवेंट स्ट्रोक में सीमा यादव ने रजत पदक जीता। पुरुषों की स्पीड मिनी गोल्फ़ टीम ने भी कांस्य पदक जीता, जिसमें हर्षवर्धन पटेल, हेमंत पटेल, प्रेम पटेल, मनमोहन नायक, उदय नायक और डिंकल पटेल शामिल थे। इनके अलावा, विशाल पोपट ने एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और किंजल पोपट के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता। नॉकआउट महिला युगल स्पर्धा में दिशा पटेल और लीजा नायक की युगल जोड़ी ने कांस्य पदक जीतने में सफल रही। चैंपियनशिप से लौटने के बाद खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।

### श्रीमंत को नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग में स्वर्ण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ी श्रीमंत झा ने नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिता में 85 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता केरल के त्रिशूर में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के शीर्ष स्तर के पैरा पुरुष और महिला पंजा कुश्ती खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीमंत झा ने फाइनल मैच में तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इसे अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों को समर्पित किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश आम रेसलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्रीमंत झा को बधाई दी है, जिनमें जी सुरेश बाबे (प्रेसिडेंट), श्रीकांत (जनरल सेक्रेटरी), कृष्णा साहू और अन्य अधिकारी शामिल हैं। श्रीमंत झा की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ को गर्व है और प्रदेश के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। हमें उम्मीद है कि उनकी इस सफलता से प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और वे अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे।



### राष्ट्रीय स्टैंडबॉल में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** मथुरा में होने वाली राष्ट्रीय स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ की महिला पुरुष टीम गुरुवार को रवाना हुई। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि प्रतियोगिता मथुरा में 5 और 6 जुलाई को होगी टीम के कोच मनीष मुखर्जी को बनाया गया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की टीमें शामिल हो रहे है। छत्तीसगढ़ टीम की मैनेजर डॉ शाज़िया अली है। छत्तीसगढ़ स्टैण्ड बॉल टीम के कप्तान पुरुष वर्ग में लव सिंह और महिला टीम की अस्मिता लकड़ा है।

## रोजमर्रा के खानपान पर निर्भर है हमारे लिवर की सेहत

# दिनचर्या की बिगड़ी हुई आदतों से बढ़ जाता है फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

अक्सर कुछ लोगों को फैटी लिवर की समस्या होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकता हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख कारण हमारे दिनचर्या की कुछ गलत आदतें हो सकती हैं। आजकल फैटी लिवर रोग एक तेजी से बढ़ती हुई और चिंताजनक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, जहां हमारे लिवर में सामान्य से अधिक फैट जमा हो जाती है। यह कोई साधारण बीमारी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसके दूरगामी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। फैटी लिवर मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है: अल्कोहलिक फैटी लिवर, जो शराब के अत्यधिक सेवन से जुड़ा है, और नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर, जिसका संबंध हमारी आधुनिक, अक्सर खराब जीवनशैली से है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यदि इस रोग पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।



### अधिक तला-भुना और प्रोसेस्ड भोजन

फास्ट फूड, तले हुए स्नैक्स और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में सैचुरेटेड फैट और चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो लिवर में फैट जमा करती है। नियमित रूप से जंक फूड खाने से लिवर पर दबाव पड़ता है और



सूजन बढ़ती है। इसके बजाय, हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे दाल और पनीर, डाइट में शामिल करें।

### गतिहीन जीवनशैली

लंबे समय तक बैठे रहना और व्यायाम की कमी मोटापे और फैटी लिवर का कारण बनती है। गतिहीन जीवनशैली मेटाबॉलिज्म को धीमा करती है, जिससे वसा लिवर में जमा होने लगती है। रोजाना कम से कम 30 मिनट की सैर, योग या हल्का व्यायाम करें। यह लिवर को स्वस्थ रखता है और वजन नियंत्रित करता है। नियमित शारीरिक गतिविधि रक्त संचार को भी बेहतर बनाती है।

### शराब का सेवन

शराब फैटी लिवर का सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। यह लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है और



उसमें फैट को बढ़ाती है। अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग समय के साथ सिरोसिस में बदल सकता है। कम मात्रा में भी शराब का सेवन आपके लिवर को प्रभावित करता है, इसलिए शराब नहीं पीना चाहिए। इसके बजाय गुनगुना पानी, हर्बल चाय या नींबू पानी पिएं। साथ ही लिवर को डिटॉक्स करने के लिए पर्याप्त पानी (2-3 लीटर रोज) पिएं।

### अधिक मात्रा में चीनी का सेवन

अधिक मात्रा में चीनी का सेवन फैटी लिवर रोग का एक प्रमुख कारण है। चीनी खाने से लिवर में फैट बढ़ती है। जब हमारा लिवर ज्यादा चीनी पचाता है, तो वह उसे ट्राइग्लिसराइड्स नाम के फैट में बदल देता है। इसी वजह से नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग होने का खतरा बढ़ जाता है।

# सूरजमुखी बीज में सेहत का खजाना



सूरजमुखी के बीजों में मौजूद विटामिन ई और फ्लेवोनॉइड्स सूजन को कम करने में मदद करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार सूरजमुखी के बीज खाने वाले लोगों में सूजन के संकेतक का स्तर 32% कम पाया गया।

### कैसे खाएं सूरजमुखी के बीज?

स्नैकिंग के लिएः इन्हें भूनकर हल्का नमक डालकर खा सकते हैं। सलाद या स्मूदी मेंः इनके कच्चे या भुने हुए बीजों को सलाद और स्मूदी में डालें। ब्रेड और मफिन मेंः सूरजमुखी के बीजों को मल्टीग्रेन ब्रेड या मफिन के आटे में मिलाकर बेक कर सकते हैं।

### हृदय रोग का जोखिम कम करें

सूरजमुखी के बीजों में मौजूद मैग्नीशियम और लिनोलेइक फैटी एसिड रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, ये रक्त वाहिकाओं को आराम देते हैं और हृदय के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं।

### मधुमेह के लिए फायदेमंद

सूरजमुखी के बीजों में मौजूद क्लोरोजेनिक एसिड रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है, जिससे रक्त में शर्करा का स्तर धीरे-धीरे बढ़ता है।

### वजन घटाने में मददगार

इन बीजों में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा महसूस कराती है। साथ ही, इनमें वसा की मात्रा कम होती है, जिससे ये वजन घटाने के आहार में शामिल किए जा सकते हैं।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

सूरजमुखी के बीज एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद करते हैं।

**सूरजमुखी के बीज के संभावित नुकसान**

### कैलोरी और सोडियम

हालांकि सूरजमुखी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन इनमें कैलोरी अधिक होती है। यदि आप वजन घटाने का प्रयास कर रहे हैं, तो इन्हें नियंत्रित मात्रा में ही खाएं।

### कैडमियम की उपस्थिति

सूरजमुखी के पौधे मिट्टी से कैडमियम अवशोषित करते हैं, जो बीजों में जमा हो सकता है। यह भारी धातु यदि अधिक मात्रा में शरीर में पहुंच जाए, तो यह किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है।

### एलर्जी

कुछ लोगों को सूरजमुखी के बीजों से एलर्जी हो सकती है, जिससे त्वचा पर चकत्ते, खुजली, सांस लेने में कठिनाई और यहां तक कि एनाफिलेक्सिस जैसे गंभीर लक्षण हो सकते हैं।

# रुद्राभिषेक के समय नंदी मुख जलाधारी का महत्व जान लीजिए



इस साल सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस महीने में कई सारे लोग अपने घर में रुद्राभिषेक करवाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका खास फल आपको मिलता है। इसमें कई सारी चीजों का इस्तेमाल होता है। लेकिन नंदी मुख जलाधारी का इस्तेमाल शिवजी के जलाभिषेक के लिए किया जाता है। पंडित जन्मेश द्विवेदी से जानते हैं इसका इस्तेमाल क्यों और कैसे किया जाता है।

### रुद्राभिषेक में नंदी मुख जलाधारी का इस्तेमाल क्यों होता है

हम सभी को पता है कि भगवान शिव के प्रिय गण नंदी महाराज माने जाते हैं। जहां भगवान शिव होते हैं वहां नंदी भगवान जरूर होते हैं। ऐसे ही भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी नंदी मुख जलाधारी से किया जाता है। क्योंकि इन्हें ज्ञान, धर्म, तपस्या, समर्पण और प्रतीक्षा का प्रतीक माना जाता है। इससे रुद्राभिषेक करने से भगवान के प्रति आपका भाव और समपर्ण सीधा उनके पास पहुंचता है।

शिवलिंग पर चढ़ाया गया जल, दूध, या अन्य सामग्री इसी जलाधारी से बाहर निकलता है। जब आप इस जलाधारी से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करवाएं तो नंदी मुख उत्तर दिशा में होना चाहिए। इससे भक्त के लिए लाभकारी होता है।



# जानलेवा साबित हो सकती है जवां दिखने की चाहत

एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की मौत के बाद एंटी-एजिंग दवाइयों और इंजेक्शन्स को लेकर काफी चर्चा हो रही है। आजकल उम्र से जवां और खूबसूरत नजर आने के लिए कई महिलाएं इनका इस्तेमाल कर रही हैं। कहीं जवां दिखने की यह चाहत जानलेवा तो साबित नहीं हो सकती है इस बारे में यशोदा हास्पिटल हैदराबाद की डॉ. शीरीन जोस जानकारी दे रही हैं।

### एंटी-एजिंग दवाइयों का असर



एक्सपर्ट का कहना है कि एंटी-एजिंग थेरेपीज जैसे बोटॉक्स, ग्लूटाथियोन और अन्य इंजेक्शन्स को लेकर काफी सवाल किए जाते हैं। इनके इस्तेमाल से पहले इनके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में जानना जरूरी है।

मार्केट में कई ऐसी एंटी-एजिंग दवाइयां और इंजेक्शन्स मौजूद हैं, जो दावा करते हैं कि उन्हें आधिकारिक तौर पर एफडीए या सीडीएससीओ से अप्रूवल मिला है लेकिन ऐसा नहीं है। विटामिन-सी और ग्लूटाथियोन का इस्तेमाल एंटी-एजिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए किया जाता है। इनके फॉर्मूलेशन का अक्सर प्रायोगिक चिकित्सा या ऑफ-लेबल के रूप में इस्तेमाल किाय जाता है। इससे साफ है कि इनकी सेफ्टी, खासतौर पर लिवर और दिल पर इनके असर के बारे में ठोस प्रमाण नहीं है।

इन ट्रीटमेंट्स के कई संभावित खतरे भी हैं। जैसे जब ग्लूटाथियोन या पेप्टाइड्स पर आधारित इंजेक्शन्स लिए जाते हैं, तो दिल पर दबाव पड़ता है। खासतौर पर अगर आप फास्ट कर रही हैं या डिहाइड्रेटेड हैं। बहुत कम मामलों में इससे हार्ट बीट रुक सकती है या बीपी एकदम ड्रॉप हो सकता है। कई बार इनका लिवर, किडनी और नर्वस सिस्टम पर रिएक्शन होता है।

कई क्षेत्रों में इसे लेकर सही नियमों की भी कमी है, जिसके चलते अस्वीकृत या मिश्रित दवाइयों की ब्रिकी हो रही है। इनमें से कई प्रोडक्ट्स ऐसे लोगों द्वारा मार्केट में भेजे जा रहे हैं, जिन्हें मेडिकल से जुड़ी जानकारी जयादा नहीं है। यह भी खतरनाक बात है। इससे अनुचित अनुप्रयोग, गलत खुराक और हेपेटाइटिस या एचआईवी जैसे संक्रामक परिणामों की संभावना बढ़ जाती है।

इन थेरेपीज के कई साइड-इफेक्ट्स भी होते हैं। इनमें सिरदर्द, सूजन आना या स्किन पर चोट जैसे निशान नजर आना शामिल हैं। गंभीर साइड-इफेक्ट्स में दिल से जुड़ी दिक्कतें, मांसपेशियों में ढीलापन और एलर्जिक रिएक्शन हो सकते हैं। उम्र बढ़ने का असर सेहत और स्किन दोनों पर दिखाई देता है. 30 से 35 की उम्र के बाद झुर्रियां, फाइन लाइन्स, दाग-धब्बे और स्किन का ढीला होने जैसे कई एंटी-एजिंग लक्षण दिखाने लगते हैं. यह बहुत आम बात है, लेकिन कुछ लोग इन्हें कम करने या रोकने के लिए एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं. मार्केट में कई एंटी-एजिंग क्रीम, सीरम जैसी स्किन पर लगाने वाली चीजें शामिल है, जिसका उपयोग जरूरत के मुताबिक कर किया जाता है. वहीं इसमें कुछ दवाएं और इंजेक्शन भी शामिल है, लेकिन इससे सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। दिल्ली के अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर संदीप अरोड़ा ने बताया कि एंटी-एजिंग दवाएं अगर बिना डॉक्टर की सलाह के या गलत तरीके से ली जाएं, तो इससे सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एफ 1' के सीक्वल में टॉम क्रूज और ब्रैड पिट की जुगलबंदी पर कयास है जारी



हॉलीवुड की दुनिया में जोसेफ कोसिंस्की की नई फिल्म 'एफ 1' इन दिनों चर्चाओं का विषय बनी हुई है। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इस रेसिंग ड्रामा को लेकर दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है-डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की अगली कड़ी में ब्रैड पिट और टॉम क्रूज को साथ लाने का सपना देख रहे हैं! जी हां, ये ख्वाहिश फिल्ममेकर ने हाल ही में शेयर की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में कोसिंस्की ने बताया कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वो F1 के सीक्वल में टॉम क्रूज को 'डेज ऑफ थंडर' वाले उनके मशहूर किरदार कोल ट्रिकल के रूप में वापस लाना चाहेंगे। उनका प्लान है कि कोल ट्रिकल और ब्रैड पिट के 'एफ 1' कैरेक्टर सॉनी हेस को एक साथ लाया जाए यानी दो रेसर जो कभी कट्टर प्रतिद्वंद्वी थे। ये आइडिया कोसिंस्की को उस समय आया जब उन्होंने सुना कि 'इंटरव्यू विद ए वैंपायर' की शूटिंग के दौरान ब्रैड और टॉम ने एक जबरदस्त गो-कार्ट रेस की थी। दिलचस्प बात यह है कि ये पहली बार नहीं है जब कोसिंस्की इन दो दिग्गज सितारों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले वो 'फोर्ड वी फरारी' के लिए ब्रैड पिट और टॉम क्रूज को साइन करना चाहते थे, जहां दोनों असली रेसिंग सीन करते। लेकिन बजट की सीमाओं के चलते ये प्लान धराशायी हो गया और फिल्म में बाद में क्रिश्चियन बेल और मैट डेमन नजर आए। ब्रैड पिट और टॉम क्रूज ने आखिरी बार 1994 में हॉरर फिल्म 'इंटरव्यू विद ए वैंपायर' में साथ काम किया था।

### टॉलीवुड

## दशक भर बाद फिर से डायरेक्टर की कमान संभालेंगे सूर्या, साउथ इंडस्ट्री ने किया रिएक्ट



साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक एसजे सूर्या एक दशक बाद निर्देशक की कुर्सी पर फिर से लौटने जा रहे हैं। साल 2015 में फिल्म 'इसाई' के जरिए निर्देशन करने वाले सूर्या अब अपनी अगली फिल्म 'किलर' के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। इस खबर के सामने आते ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। एसजे सूर्या की ये नई फिल्म 'किलर' मलयालम की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी श्री गोकुलम मूवीज और एसजे सूर्या की एंजेल स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। सूर्या ने खुद सोशल मीडिया पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है और इसके लिए उन्होंने निर्माता गोकुलम गोपालन का आभार व्यक्त किया।
सूर्या ने साथ में फिल्म से जुड़े कुछ फोटोज भी शेयर किए, जिसमें वो गोकुलम गोपालन के साथ नजर आ रहे हैं। एक खास बात ये भी रही कि उन्होंने फिल्म में एक्ट्रेस प्रीति असनारी को 'किलर गर्ल' बताते हुए उनके किरदार को लेकर सस्पेंस भी बढ़ा दिया।

एसजे सूर्या की डायरेक्टोरियल वापसी पर साउथ के तमाम बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राघव लॉरेंस ने लिखा, 'आपके निर्देशन में वापसी की खबर सुनकर खुशी हुई। आप निर्देशक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्टर भी हैं। उम्मीद करता हूं ये फिल्म आपको एक हीरो के तौर पर भी बड़ी सफलता दिलाए।' वहीं, धनुष ने भी उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा, 'आप इस प्रोजेक्ट को लेकर जितने पैशनेट हैं, वो मैं जानता हूं। आपकी इस फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। ऑल द बेस्ट' सिलंबरासन टीआर ने सूर्या को एक बेहतरीन स्टोरीटेलर बताया और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'डंस' की डिजिटल रिलीज, दिखा भोजपुरी एक्टर के एक्शन का दम



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' ने फरवरी में सिनेमाघरों में दस्तक दी। दर्शकों को फिल्म खूब पसंद आई। एक्शन से भरपूर यह फिल्म अब ऑनलाइन रिलीज हो चुकी है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक्टर ने खुशखबरी दी है। रविवार 29 जून को ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन भोजपुरी के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसके बाद फिल्म 30 जून को सवा बारह बजे रिलीज की गई। सिनेमाघरों में अगर किसी वजह से दर्शक खेसारी की यह फिल्म नहीं देख पाए, तो अब उनके पास सुनहरा मौका है। इस फिल्म में खेसारी लाल एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। एक्टर की फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के एलान से फैंस गदगद हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'सुपरहिट मूवी'। एक यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था'।


खेसारी लाल यादव इन दिनों 'दिलवा चोरी कै के' गाना भी रिलीज हो चुका है। इसमें खेसारी शिल्पी राज के साथ नजर आए हैं। गाना यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। हमेशा की तरह खेसारी अपने डांस से दर्शकों का दिल जीतते दिखे हैं। शिल्पी के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार है।

## जंगल का नजारा




हरे-भरे माहौल को पृष्ठभूमि में समेटे इतालवी फैशन हाउस डोल्से एंड गब्बाना ने अपने कैटवॉक शो में फैशनपरस्तों को जंगल की सैर कराई, जिसमें तेंदुए के प्रिंट वाली बिकनी या कोर्सेट टॉप के साथ पहने जाने वाले ड्रेस और शॉर्ट्स , बैज और खाकी बेल्ट वाली शर्ट और कार्गो ट्राउजर परिधान पेश किया। डिजाइनर डोमेनिको डोल्से और स्टेफानो गब्बाना ने सफारी लुक के साथ अपनी वूमन्सवियर लाइन की शुरुआत की।

## 15 दिन तक हर रोज होंठों पर लगाएं शहद और देखें असर



शहद, जो हर भारतीय घर में बड़ी ही आसानी से मिल जाता है, इसका इस्तेमाल तमाम तरह के पकवान को बनाने में किया जाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व सेहत के लिए काफी लाभयादक होते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि बाजार में मिलने वाला यही शहद आपकी त्वचा और होंठों की कई दिक्कतों को दूर कर सकता है।

जी हां, इसी शहद को अगर लगातार 15 दिन नियमित रूप से होंठों पर अप्लाई किया जाए तो उससे आपको काफी लाभ मिलेगा। यहां हम आपको इन्हीं लाभों के बारे में बताएंगे। इसके साथ-साथ हम आपको होंठों पर शहद इस्तेमाल करने का सही तरीका भी बताएंगे, ताकि आप इसका लाभ उठा सकें।

### फटे होंठ की समस्या होगी खत्म

यदि आप नियमित रूप से अपने होंठों पर शहद अप्लाई करेंगे, तो इससे आपके होंठों का फटना बंद हो जाएगा। दरअसल, शहद के एंटीसेप्टिक गुण होंठों का रूखापन दूर करने का काम करते हैं। जिस कारण होंठ नरम और स्वस्थ बने रहते हैं

### होंठ होंगे मुलायम

होंठों का रूखापन बढ़ने के वजह ये काफी फटने लगते हैं। ऐसे में शहद होंठों को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे होंठ चिकने और कोमल महसूस होते हैं। इसलिए यदि आप चाहते हैं कि आपके होंठ मुलायम रहें तो शहद का इस्तेमाल लगातार 15 दिन तक करें।

### कालापन होगा दूर

यदि आपके होंठ पिग्मेंटेड हो रहे हैं, यानि की उनका कालापन बढ़ रहा है तो भी आप लगातार 15 दिन तक होंठों पर शहद अप्लाई करके देख सकते हैं। लगातार शहद के इस्तेमाल से होंठों का काला या फीका रंग दूर होता है और उनका प्राकृतिक गुलाबीपन वापस आता है।

### होंठों पर आएगी चमक

लगातार 15 दिन तक होंठों पर शहद अप्लाई करेंगे तो इसकी वजह से आपके होंठों पर चमक आएगी। इससे आपका लुक भी काफी अच्छा और खूबसूरत दिखेगा। तो देर न करते हुए आज ही से इसका इस्तेमाल शुरू करें।

## सावन शुरू होने से पहले ही बनवा लें खास डिजाइन के सलवार सूट



कुछ ही दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है। इस माह में अधिकतर महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान महादेव की पूजा आराधना करती हैं। ऐसे में अगर आप भी सावन के महीने में अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट डिजाइन वाले सलवार सूट बताएंगे, जिन्हें देखते ही आपका उन्हें खरीदने का मन करेगा।



### कॉटन प्रिंटेड पिंक कलर सलवार सूट



अगर आप इस साल सावन के महीने में अपने लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत कॉटन प्रिंटेड पिंक कलर सलवार सूट को ट्राई कर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इस तरह के सूट को आप टेलर के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।


### सी ग्रीन प्रिंटेड पटियाला सलवार सूट

अपनी खूबसूरती में रंग भरने के लिए और इस साल सावन के महीने में भीड़ से हटकर दिखने के लिए अगर आप भी आउटफिट तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह सी ग्रीन प्रिंटेड पटियाला सलवार सूट भी बेस्ट हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं, बल्कि इसमें आप आरामदायक भी महसूस करेंगी।

### मैरून प्रिंटेड सलवार सूट

सावन का महीना शुरू होने से पहले आप बाजार से कपड़ा लाकर टेलर की मदद से अपनी साइज का सूट बनवा सकती हैं या इस खूबसूरत मैरून प्रिंटेड सलवार सूट को ऑनलाइन भी मंगा सकती हैं। यह सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। आप इसे पहनकर किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इसके साथ आप दुपट्टा शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## खूबसूरती बढ़ा देगी कुंदन नोज पिन



चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। वे मेकअप से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज ट्राई करती हैं। ऐसे में अगर आप भी एक्सेसरीज पहनना पसंद करती हैं, तो आपके लिए ये खबर बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी नाथ की डिजाइन बताएंगे, जिसे आप ट्राई कर ऍन चेहरे को खूबसूरत बना सकती हैं।

### मल्टी कलर गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन

सोने के भाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में अब आप अपने लिए सोने की नोज पिन बनाने का सोच रही हैं, तो अब आप मल्टी कलर गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन को ट्राई कर सकती हैं। इस नोज पिन में आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। ऐसी नोज पिन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

### गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन

अपने लुक को डिफरेंट और स्टाइलिश बनाने के लिए अगर आप भी ट्रेडिशनल या एथनिक ड्रेस के साथ एक्सेसरीज तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस नोज पिन को पहनकर आप अपनी ख़ूबसूरती से सभी का दिल जीत सकती हैं। ऐसी नथ की डिजाइन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। अगर आप अपने ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट के साथ पहनने के लिए नोज पिन देख रही हैं, तो आपके लिए ये खबर बेस्ट हो सकती हैं।

## चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के दौरान इन बातों का रखें ख्याल



चेहरे पर दिखने वाले अनचाहे बाल आपकी खूबसूरती को कम कर देते हैं। ये बाल होंठ, ठोड़ी और गालों पर अक्सर नजर आते हैं। इन बालों से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरीके अपनाती हैं, जिनमें वैक्सिंग, थ्रेडिंग, रेजर, हेयर रिमूवल क्रीम या प्लकिंग शामिल हैं। लेकिन, इन तरीकों आजमातेसमय कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत ज़रूरी है।
आपको चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इससे जुड़ी जानकारी जरूरी है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी त्वचा हेल्दी और चमकदार रहे, तो चेहरे के अनचाहे बालों को हटाते समय इन बातों का खास ध्यान जरूर रखें।

### अपनी स्किन टाइप को समझें

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने से पहले यह समझें कि आपकी स्किन किस टाइप की है। हर किसी की स्किन अलग होती है, और किसी भी उपाय को आजमाने से पहले यह जानना जरूरी है कि आपकी त्वचा किस प्रकार की है, ताकि स्किन को किसी तरह का नुकसान न हो।

### त्वचा को अच्छी तरह करें साफ

किसी भी तरह के उपाय को करने से पहले अपनी त्वचा को सही तरीके से तैयार करें। चेहरे को आप क्लींजर की मदद से साफ करें, ताकि स्किन पर जमी धूल और अतिरिक्त तेल अच्छी तरह से हट जाए। ऐसा करने से किसी भी उपाय को करते समय त्वचा को नुकसान होने का खतरा कम हो जाएगा। चेहरे के बालों को हटाने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आप त्वचा को हाइड्रेट करें। ऐसा करने से स्किन ड्राई नहीं होगी, साथ ही चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

**कार्नर न्यूज**

**डिजीटल दौर में एप से लीजिए अपने फैशन की टिप्स**

## बेस्ट ग्रूमिंग एप आपकी स्टाइलिंग को दिलाएंगे हमेशा फुल मार्क्स, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे

अपने बेस्ट लुक के लिए आप जरूर कुछ न कुछ टिप्स आजमाते होंगे। कभी स्टाइलिस्ट तो कभी सैलून में एक्सपर्ट की राय भी आप खूब लेते होंगे। लेकिन आपका ग्रूमिंग एक्सपर्ट अगर आपके फोन पर हो तो? बात अजीब लगेगी लेकिन ऐसा सच में है।अब ऐसे कई एप लॉन्च हो चुके हैं जो आपकी ग्रूमिंग को कम नहीं पड़ने देंगे। आपको अपनी स्टाइलिंग और ग्रूमिंग फुल मार्क्स मिलना तय ही समझिए। अपनी ग्रूमिंग पर काम कर रहे हैं तो इन एप को कम से कम एक बार जरूर इस्तेमाल कर लीजिए। कौन-कौन से हैं ये ग्रूमिंग एप, जानिए और अपने लिए चुनिए

### कूल गाय

ये एक एप आपको अपने कलेक्शन और पसंद के हिसाब से कपड़े चुनने का मौका देता है। इसमें आपको दुनिया भर के फैशन ब्लॉगर्स के टिप्स भी जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ आपको अपने पसंदीदा फैशन ब्रांड्स पर आने वाली सेल के बारे में भी पहले से ही पता चल जाएगा। ताकि आप पसंदीदा कपड़े सस्ते दामों पर खरीद सकें। ये एप बिलकुल फ्री है।



### मेंस हेयर स्टाइल

अपने बालों को लेकर आप अक्सर ही सोच में पड़ जाते हैं कि आखिर इनका स्टाइल रखें कैसा? तो ये एक एप आपके लिए ही है। इस एप से आप अपने ऊपर सूट होने वाले नए ट्रेंडी हेयर स्टाइल को जान पाएंगे। इसमें आप वर्चुअली 140 हेयरस्टाइल और 98 बियर्ड स्टाइल अपने ऊपर आजमा सकते हैं। इस तरह आपको अपने ऊपर बेस्ट लगने वाले हेयर स्टाइल के बारे में पता चल जाएगा।

### नेकटाई डीलक्स

ये एक ऐसी एप है जो आपको टाई की तरह-तरह की नॉट के बारे में बताती है। टाई की नॉट अक्सर ही पुरुषों के लिए बड़ी समस्या होती है, ऐसे में ये एप आपकी खूब मदद करेगी।
नॉट बांधने के एक दर्जन से ज्यादा तरीके होते हैं। ये एप आपको इन तरीकों में से आपके लिए बेस्ट का सुझाव तो देगी ही, इससे हर आउटफिट के साथ अलग-अलग नॉट के टिप्स भी आपको मिल जाएंगे।



### बियर्डीफाई

दाढ़ी मूछों का पुरुषों के बीच क्रेज है, ये बताने की तो जरूरत है ही नहीं। अब इसके लिए उनको बियर्ड का सही और सूट करने वाले स्टाइल का पता होना चाहिए। बस यही काम ये एप करता है। ये आपको दाढ़ी मूछों का बेस्ट स्टाइल बताएगा, इसके लिए आपको अपनी पिक अपलोड करनी होगी, फिर बस आपको मिल जाएंगी बेस्ट टिप्स।

### स्टाइल डॉट कॉम

अगर आप फैशन की दुनिया का हिस्सा भी हैं तो ये एक एप आपके बहुत काम आने वाला है। इसमें फैशन और मॉडलिंग से जुड़े अपडेट आसानी से मिल जाते हैं। इसमें आपको ने ट्रेंड्स का अंदाजा भी लगेगा और स्ट्रीट स्टाइल फैशन का भी।